तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 10.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

मतदाता सूची को लेकर संयुक्त कलेक्टर व आयुक्त ने की जांच 12



हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति 13





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### ब्रिजों के मरम्मत के चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**दुर्ग।** उत्तर रेलवे के जम्मूतवी क्षेत्र में विगत दिनों हुए भूस्खलन के कारण ब्रिजों का मरम्मत कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार 25 मार्च 2026 तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस, अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा अंबाला कैंट-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 27 मार्च 2026 तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के मध्य रद्द रहेगी। 31 मार्च 2026 तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा जालंधर कैंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। 2 अप्रैल तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के मध्य रद्द रहेगी।

### 38 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से लंबित स्थायी और गिरफ्तारी वारंटियों के मामले में 91 की तामिली कराई गई है। दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान के तहत जिले के सभी बीट में वारंटियो की पतासाजी के लिए लगाया है। पुलिस की विशेष टीम बनाकर एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन पर वारंटियों के होने वाली संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है। अभियान के तहत भिलाई नगर बीट से कुल 28 वारंट तामील किए हैं। इसमें 27 स्थायी, 1 गिरफ्तारी शामिल है। दुर्ग बीट में 21 वारंट तामील हुए हैं, इसमें 8 स्थाई व 13 गिरफ्तारी, छावनी बीट से 30 वारंट तामील हुए, जिसमें 9 स्थाई व 17 गिरफ्तारी, ग्रामीण क्षेत्र में 12 वारंट 4 स्थाई, 7 गिरफ्तारी तामील हुए हैं। इस तरह 91 वारंट में 48 स्थाई व 38 गिरफ्तारी वारंट तामील कर 67 पुरुष और तीन महिला के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शेष 4 मामले कैंसिलेशन के लिए भेजे गए हैं।

### अपराध : नशा और आक्रोश बन रहा अपराध का कारण, किसी भी वारदात में पुराने अपराधी नहीं

# 40वें दिन 14वीं हत्या, फिर एक को उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

*दुर्ग जिले में हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां बीते 40 दिनों में 14 अलग अलग हत्या की वारदात घटित हो चुकी है। इन हत्याओं को लेकर जहां एक तरफ दुर्ग की पुलिसिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं यह भी तथ्य सामने आया है कि जो हत्याएं हुई हैं उसका मुख्य कारण नशा और आवेश के चलते हत्या करना होना है। दुर्ग के मोहन नगर में बीती रात हुई एक युवक की हत्या ने फिर से जिले में सनसनी फैला दी है। यह हत्या की वारदात मोहन नगर थाना क्षेत्र में हुई है। यहां पत्नी को कमेंट पास करने की बात पर तीन लोगों ने मिलकर एक युवक को मौत के घाट उतार दिया।*



पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात शंकर नगर गली 3 दुर्ग निवासी योगेश विश्वकर्मा की तीन युवकों ने मिलकर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। परिजनों ने योगेश को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहन नगर पुलिस सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंची।

पुलिस ने मोहल्ले में रहने वाले तुषार उर्फ चटनी नेताम, चंदन साहू और तिलक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रविवार रात को योगेश अपने घर में था। तभी तुषार, चंदन और तिलक वहां पहुंचे। तीनों योगेश के घर के दरवाजे पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। पत्थर की आवाज सुनकर योगेश घर के बाहर निकला। बाहर निकलते ही तीनों आरोपी योगेश से झगड़ा शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने योगेश को जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया और मौके से फरार हो गए। इससे योगेश लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घर वाले बाहर निकले और उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



#### प्लाईवुड फैक्ट्री में कर्मचारी की निर्मम

उतई थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरडीह में स्थित विजय पाण्डेय की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम कर रहे राहुल कुमार को रंजिश के चलते पांच युवकों ने मौत के घाट उतार दिया। राहुल उक्त कर्मियों के साथ दबंगई में बातचीत करता था। इससे सभी कर्मी उससे खफा थे मौका मिलते ही रास्ते से हटा दिया।

#### पटाखा फोड़ने बनी बड़ी वजह

थाना छावनी के कैम्प 2 निवासी गणेश बैरागी को घर में घुसकर दो युवकों ने धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। दोनों आरोपी मृतक के घर के पास फटाखा फोड़ रहे थे। गणेश ने उन्हें मना किया और यही हत्या का कारण बना। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### लव मैरिज करना पड़ा भारी

थाना दुर्ग कोतवाली क्षेत्र में डिपरा पारा दुर्ग वार्ड 39 में नीरज ठाकुर की हत्या लोहे के रॉड से वार करके की गई। नीरज की बहन पूजा ने टिल्लू के साथ लव मैरिज की थी। जिसका जश्न था। इस दौरान नीरज परिजनों के साथ गया। जहां विवाद होने पर उसके ऊपर लोहे के रॉड से वार किया गया। मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**पुरानी रंजिश बनी मौत का कारण :** थाना रानीतराई क्षेत्र में खुबीराम साहू गांव की युवती से प्रेम करता था। इसकी जानकारी परिजनों को लग चुकी थी। पहले भी इसे लेकर विवाद हो चुका था। मातर कार्यक्रम में युवक के पहुंचने की जानकारी मिलने पर युवती के भाई समेत पांच ने खुबीराम की हत्या कर शव को फेंक दिया था।

#### 14 हत्याएं एक भी आरोपी का पुराना रिकार्ड नहीं

दुर्ग में पिछले 40 दिनों में हुई 14 हत्याओं के मामलों को देखा जाए तो एक भी मामले में ऐसा आरोपी नहीं पकड़ा गया, जिसका कोई पिछला क्रिमनल रिकार्ड हो। सभी आरोपियों ने पहली बार इतने बड़े अपराध को अंजाम दिया है और सभी ने या तो नशे में या फिर किसी बात को लेकर तात्कालिक रिएक्शन के बाद आक्रोश में आकर घटना को अंजाम दिया है।

#### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या

थाना खुर्सीपार निवासी धीरज उर्फ विक्की सरोज का मोहल्ले की युवती से प्रेम प्रसंग था। जिसकी जानकारी भी युवती के परिजनों को थी। जब विक्की युवती के घर गया तो युवती के भाई समेत तीन युवकों ने उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी।



#### दातून तोड़ना पड़ा महंगा

थाना रानीतराई में ग्राम बोरीद निवासी वृद्ध राधा बाई दातुनि तोड़ने गांव में गई हुई थी। इस दौरान हेमा भारती उसे देख ली और दोनों में जमकर विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि राधा को हेमा ने लात घुसे से वार कर अधमरा कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### रकम का लेनेदेन बना हत्या का कारण

थाना मोहन नगर स्थित दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की सिर पर पत्थर पटकर हत्या कर दी गई। दो अपचारी बालक समेत तीन ने मिलकर रकम के लेनदेन को लेकर हत्या की।

#### शराब-सिगरेट लाने के लिए हुआ था विवाद

थाना दुर्ग कोतवाली में शिवपारा निवासी अनिल यादव पंचशील नगर में कुछ लोगों के साथ शराब पी रहा था। आरोपियों ने उसे सिगरेट लाने को कहा। इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ और आरोपियों ने धारदार हथियार निकालकर अनिल पर वार कर दिया। दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया।

#### घरेलू विवाद बना हत्या का कारण

थाना नंदिनी में कैम्प 1 निवासी बलविंदर उर्फ बंटी का एक महिला के साथ लिव इन रिलेशन में था। महिला के दो बड़े बच्चे भी थे। बंटी का उसके घर आना जाना बेटों को रास नहीं आया। इसी बात को लेकर विवाद होने पर दोनों बेटो ने फावड़ा से वार कर बंटी को मौत के घाट उतार दिया।

#### रंगोली मिटाने पर बढ़ा था विवाद

थाना खुर्सीपार में रंगोली बनाने के बाद उस पर बाइक चलाने को लेकर मंगल सिंह नामक की युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई। घटना में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है।

#### पुत्र ने ली पिता की जान

थाना कुम्हारी क्षेत्र के ग्राम अकोला निवासी होरीलाल साहू के साथ गजेन्द्र का विवाद चल रहा था। इस दौरान गजेन्द्र आक्रोश में आकर अपने पिता होरीलाल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसकी उसकी मौत हो गई पुलिस ने पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने तुरंत ट्रेस किया था।

#### सिलबट्टे से जीजा पर वार

थाना पद्मनाभपुर अंतर्गत पंचशील नगर दुर्ग में जमीन बिक्री की रकम बंटवारे की रंजिश के चलते जीजा राज कुमार शेट्टी की उसके साले गोविंदराज ने सीलबट्टे से वार कर हत्या कर दी।

#### एसएसपी विजय अग्रवाल से सीधी बात



*Q. जिले में लगातार हत्या की वारदातें बढ़ रही है, कैसे रोकेंगे?*

*जवाब: सारे हत्या के मामलों में पुलिस आरोपियों को पकड़ चुकी है। वारंटियों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया है।*

*Q. अपराध कैसे कंट्रोल होगा क्या प्लान है?*

*जवाब: पकड़े गए आरोपियों का कोई भी पुराना रिकार्ड नहीं है। आक्रोश में आकर घटना को अंजाम दिया है। कंट्रोल करने पुलिस लगातार अभियान चला रही है।*

*Q. कई बार नशा हत्या का कारण बनता है, उसके लिए क्या है?*

*जवाब: नशे को लेकर पुलिस का बड़ा ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है।*

*Q. पुलिस पेट्रोलिंग कई जगह पर नहीं हो रही है?*

*जवाब: हर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।*

## सब्जी की आड़ में गांजा तस्करी करते तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**2 क्विंटल गांजा किया जब्त**



दुर्ग पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप में सब्जी की आड़ में गांजा की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 7 की तरफ आ रही एक पिकअप ओडी 14 वी 4975 को सड़क 24 के पास घेराबंदी कर रोका। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने जब वाहन की जांच की तो उसमें सब्जी के बीच में उन्हें एक क्विंटल 70 किलो 500 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर पिकअप के मालिक की तलाश शुरू की। पिकअप मालिक राजीव कुमार नायक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह अपने दो दोस्त सरायपाली उड़ीसा निवासी बुलू प्रधान, मुनमुंडा उड़ीसा निवासी अनुज प्रधान के साथ मिलकर गांजा तस्करी करता है। वो लोग सब्जी लाने की आड़ में गांजा भी लाते थे और यहां बेचते थे। पुलिस ने तीनों को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

## 240 के साथ किया 85 लाख रुपये का गबन, छह बैंक कर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**स्माल फायनेंस बैंक शाखा का मामला**



स्माल फायनेंस बैंक दुर्ग में 240 उपभोक्ताओं के साथ 85 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। यह गबन बैंक के कर्मचारियों ने मिलकर किया है। पुलिस ने मामले में जांच के बाद बैंक के 6 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि स्माल फायनेंस बैंक दुर्ग के प्रबंधक मोहित देशमुख ने पुलगांव थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ग्राम चंदखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत 239 उपभोक्ताओं से ईसाफ बैंक के लोन के रूप में 85 लाख रुपए जमा कराए गए, लेकिन उस रकम को बैंक में नहीं जमा कराया गया। जब बैंक ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं से रिकवरी करने पहुंची तो उन्होंने बताया कि उन्होंने तो पूरा पैसा जमा कर दिया है। इसके बाद इस पूरे गबन के मामले का खुलासा हुआ। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक कर्मचारियों ने जून 2024 से जून 2025 के बीच कुल 84 लाख 98 हजार 940 रुपये के लोन की वसूली की और उसका गबन किया है। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि लोरमी जिला मुंगेली निवासी टीका राम पाटले, ग्राम बसना जिला महासमुंद आकाश नायक, ग्राम कोसा नगर सुपेला अंकिता पासवान, दल्लीराजहरा जिला बालोद आर्य गोस्वामी, आदित्य नगर दुर्ग रेशमा वर्मा, बजरंग नगर उरला ओमप्रकाश कोसरे ने मिलकर रुपए का गबन किया। आरोपियों ने रकम गबन करना स्वीकार किया।

### कोतवाली थाना प्रभारी लाइन अटैच



**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम को लाइन अटैच कर दिया है। उनकी जगह साइबर रेंज थाना संभाल रहे नवीन कुमार राजपूत को प्रभारी बनाया गया है। यह आदेश एसएसपी विजय अग्रवाल ने 9 नवंबर की देर रात जारी किया। बताया जा रहा है कि यह फेरबदल मंत्री गजेंद्र यादव की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। मृतक संतोष आचार्य की हत्या हुई थी। वारदात के अगले दिन मंत्री गजेंद्र यादव मृतक के घर और घटना स्थल पर पहुंचे थे। तब तपेश नेताम को वहां पहुंचने में देरी हुई थी। इसी वजह से उन्हें लाइन अटैच किया गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### व्यापारियों ने कहा-निगम की लापरवाही के चलते लोग नहीं दे रहे टैक्स और किराया

# आकाशगंगा सब्जी मंडी पर 20 करोड़ से अधिक का टैक्स, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत आने वाले सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी से निगम को 20 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स और किराया वसूल करना है। इसके लिए निगम ने 300 सब्जी व्यापारियों को नोटिस जारी कर टैक्स और किराया अदा करने का निर्देश दिया है। नोटिस के दिए समय पर टैक्स जमा नहीं हुआ तो निगम बेदखली की कार्रवाई कर सकता है। भिलाई नगर निगम मुख्यालय के ठीक बगल से स्थित सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी को निगम ने साल 1992 में बसाया था। यहां थोक और फुटकर व्यापारी सब्जी का व्यापार कर सकें इसके लिए निगम ने 278 प्लॉट की रजिस्ट्री की थी। वहीं 456 चबूतरे किराये से अलाट किए थे। साथ ही सुबह बाहर से आने वाली सब्जी की बोली लगाने के लिए 25 ऑक्शन शेड बनाए गए थे। वर्तमान में हालत यह है कि यहां जो दबंग किस्म के सब्जी व्यापारी हैं उन लोगों ने एक साथ 15-20 चबूतरों को अपने कब्जे में ले लिया है। वो ना तो निगम को किराया पटा रहे हैं उल्टा कब्जा वाले चबूतरों को किराये से देकर उनका काराया वसूल रहे हैं। एक व्यापारी ने यहां तक कहा कि उसके पास 8 चबूतरे कब्जे वाले हैं। निगम के अधिकारी सही आवंटी को चबूतरा दिलाएं तो वो कब्जा भी छोड़ेंगे और निगम को किराया भी मिलेगा समय पर, लेकिन निगम इस पर कार्रवाई करने से बच रहा है।

वहीं जब जोन वन के राजस्व अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नोटिसी जारी कर दी गई है। जल्द निगम सब्जी मंडी के ऊपर बड़ी कार्रवाई करेगा। जो भी बेजा कब्जा धारक होगा उसका कब्जा खाली कराया जाएगा और जो लोग टैक्स और किराया नहीं पटाए हैं उनके खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कभी निगम का बुलडोजर मंडी में चल सकता है।



#### ऑक्शन शेड भी भगवान भरोसे

निगम में जो रजिस्ट्री प्लॉट हैं उन पर तो लोगों ने कई मंजिला बिल्डिंग बनाकर ओयो और अन्य व्यवसाय शुरू कर दिया है। रही बात ऑक्शन शेड की तो यहां भी जिनके नाम पर शेड उनकी जगह दूसरे लोगों का कब्जा है। इसके चलते वो लोग भी शेड का टैक्स और किराया नहीं पटा रहे हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें उनका शेड निगम दिला देगा तो वो समय पर किराया टैक्स पटाना शुरू कर देंगे।

#### 80 प्रतिशत मंडी में दूसरे व्यापारियों का कब्जा

सुपेला सब्जी मंडी में थोक के साथ फुटकर सब्जी व्यापारी काबिज हैं, लेकिन इसमें मात्र 20 प्रतिशत व्यापारी ही ऐसे हैं जो अपने आवंटित चबूतरे पर बैठे हैं। यहां 80 प्रतिशत जगह पर दूसरे व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है उसे किराये पर दिया है।

#### 20 करोड़ से अधिक का किराया व टैक्स बकाया

निगम ने लगभग 300 व्यापारियों को टैक्स और चबूतरे का किराया पटाने का नोटिस जारी किया है। 25-30 से तीस साल का किराया और टैक्स ना पटाने के चलते एक व्यापारी के ऊपर 15-20 लाख रुपए का टैक्स और किराया अदा करना आ रहा है। यदि निगम सभी व्यापारियों से टैक्स और किराया पटवाता है तो निगम को बड़े राजस्व की प्राप्ति होगी।

#### निगम पहले करे सही आवंटन

निगम को चाहिए कि पहले वो सही आवंटी को उसके चबूतरे और ऑक्शन शेड का कब्जा दिलाए। उसके बाद टैक्स और किराया वसूली की कार्रवाई करे। यदि निगम सही तरीके से कार्रवाई करेगा तो व्यापारी उनका साथ देंगे और टैक्स और किराया भी अदा करेंगे।

**- रविंद्र सिंह**, अध्यक्ष, थोक सब्जी मंडी सुपेला

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
भिलाई ब्रांच के लिए
आवश्यकता है
➔ सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव
➔ मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव
• शैक्षणिक योग्यता: स्नातक / एम.बी.ए.
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल: उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन: आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान: दुर्ग-भिलाई
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि भिलाई कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
कमला मेडिकल के पास, राधा पैथोलॉजी के ऊपर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
0788-4091720, 88899-68883

## खबर संक्षेप

### जिले में विद्यार्थियों का किया जा रहा है मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

दुर्ग। जिले के शासकीय व अशासकीय स्कूलों में प्रतिदिन विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सोमवार को 39 शासकीय व अशासकीय स्कूलों में शिविर लगाकर 1446 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन किया गया। 190 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन और एक विद्यार्थी का नया आधार बनाया गया।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसम्बर तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक-बालिकाओं को 25 पच्चीस हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग को 20 दिसम्बर तक सीलबंद लिफाफे में एवं लिफाफे के ऊपर राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025 अंकित कर प्रेषित किया जाए।

### सौर ऊर्जा से मिल रहा लाभ

दुर्ग। कैलाश नगरए भिलाई के निवासी निषाद टंडन एक जागरूक और पर्यावरण प्रेमी व्यक्ति हैं। एनएमडीसी बैलाडीला में वर्षों तक सेवा देने के बाद वे साल 2012 में सेवानिवृत्त हुए। तीनों बच्चे आज अपनी-अपनी सेवाओं में कार्यरत हैं। एक दिन उन्होंने अख़बार में सौर ऊर्जा सोलर पैनल योजना के बारे में पढ़ा। बच्चों ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया। सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल कम होगा और बचत भी होगी। फिर निषाद टंडन ने आवेदन दिया, वेंडर से बात की और बिजली विभाग से भी सहयोग प्राप्त किया। उन्होंने 13 दिसम्बर को अपने घर में 2 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया। इसके बाद से उनका अनुभव बेहद सकारात्मक रहा। अब तक उनका सोलर सिस्टम 3590 यूनिट बिजली का उत्पादन कर चुका है, जिसमें से 1000 यूनिट बिजली विभाग को बेची गई है।

# खेत में विद्युत टावर लगने पर समान मुआवजे की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 140 आवेदन प्राप्त हुए।

## जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

### मुआवजे पर जताई आपत्ति

इसी कड़ी में ग्राम नंदकठी के किसान ने अपने खेत में विद्युत टावर लगाए जाने के एवज में मिली मुआवज़े की राशि पर आपत्ति जताई। किसान ने बताया कि उनके खेत में टावर लाइन के चार खंभे लगाए गए हैं जिसके बदले उन्हें कम मुआवजे की राशि दी गई है जबकि अन्य किसानों को इससे अधिक मुआवज़ा प्राप्त हुआ है। समान परिस्थितियों वाले अन्य कृषकों को अधिक भुगतान किया गया है जिससे उन्हें आर्थिक हानि हुई है। उन्होंने समान मुआवज़ा दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### संपत्तिकर के समायोजन की मांग

वार्ड 22 संस्कार विहार कॉलोनी कुरुद निवासी ने अधिक वसूले गए संपत्ति कर के समायोजन की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे स्वयं के मकान में रहते हैं, किराये पर नहीं दिया है। अधिक वसूली के कारण राशि का समायोजन के लिए आवेदन दिया, ताकि आगामी वर्ष का संपत्ति कर का भुगतान किया जा सके। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को तत्काल परीक्षण कर आवेदक को सूचित करने को कहा।

### महतारी दुलार योजना का लाभ दिलाने की मांग

रिसाली सेक्टर निवासी ने अपनी पुत्री को महतारी दुलार योजना का लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पति के निधन के बाद वे मजदूरी कर परिवार चला रही हैं। पहले स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय रिसाली बस्ती में अध्ययनरत थीए बाद में दूरी अधिक होने से उसका स्थानांतरण मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय रिसाली भिलाई में कराया गया। विभाग द्वारा जानकारी दी गई थी कि स्थानांतरण के बाद भी योजना का लाभ जारी रहेगाए परंतु तीन माह से लाभ मिलना बंद हो गया है। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने महतारी दुलार योजना का पूर्ण लाभ पुनः दिलाने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा बैठक

# विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए एलपीजी गैस अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी एवं संबंधित प्रभारी स्वयं विद्यालयों में जाकर मध्यान्ह भोजन का टेस्ट करें, ताकि भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में फर्स्ट एड किट, प्राथमिक उपचार किट अनिवार्य रूप से रखी जाए। उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण के दौरान स्कूलों की फर्स्ट एड किट की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाइयां एक्सपायर न हों।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि बच्चों के भोजन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पीम पोषण शक्ति निर्माण योजना, संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक



### स्कूलों में शौचालय व पेयजल की हो समुचित व्यवस्था

सभी स्कूलों में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम क्षेत्र के सभी स्कूलों में पानी की व्यवस्था नहीं है तो जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए।

### सभी स्कूलों में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी

कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए एलपीजी गैस के उपयोग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने खाद्य अधिकारी को सभी स्कूलों में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने कहा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को खाद्य अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत एलपीजी गैस से भोजन बनाया जा सके।

### स्कूल के समीप हो अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में निकटतम अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र का संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जहां भी विद्यालयों में मेजर रिपेयर बड़े मरम्मत कार्य की आवश्यकता है, उसे प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

# मतदाता सूची को लेकर संयुक्त कलेक्टर व आयुक्त ने की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। बीएलओ डोर-टू-डोर मतदाता फॉर्म का वितरण कर रहे हैं। सोमवार को आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर सह निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने बीएलओ के कार्य का जायजा लिया है।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और सहायक निर्वाचन अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर सिली थॉमस मैडम ने भिलाईनगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जोन क्रमांक 1, नेहरू नगर अंतर्गत ग्रीन वेली कॉलोनी एवं नेहरू नगर पूर्व में निरीक्षण किया गया। आयुक्त और संयुक्त कलेक्टर ने ग्रीन वैली कॉलोनी एवं नेहरू नगर पूर्व में कार्यरत बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर से मुलाकात की और उनके डोर-टू-डोर मतदाता फॉर्म वितरण और सत्यापन कार्य का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद कर विशेष गहन पुनरीक्षण में भरी जाने वाली महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। निगम आयुक्त एवं संयुक्त कलेक्टर ने अपने सामने 7 फार्म भरवाए।

निगम आयुक्त ने बीएलओ से उनके कार्य में आने वाली किसी भी समस्या को अवगत कराने को कहा ताकि उनका तत्काल निवारण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कार्य में गति और पारदर्शिता लाने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देश दिए गए कि मतदाता कार्य से संबंधित जानकारी के लिए सभी वार्डों में मुनादी कराकर नागरिकों को सूचित करें। सभी जोन कार्यालयों में विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी देने और नागरिकों की सहायता के लिए तत्काल हेल्प डेस्क स्थापित करने और कंप्यूटर ऑपरेटर बिठाने का निर्देश दिया गया।

# शत-प्रतिशत बच्चों को अपार आईडी और जाति प्रमाण पत्र जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बच्चों के आधार आईडी और जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों का अपार जाति प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की कमी के कारण वापस हुए आवेदनों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए तथा जहां ग्राम सभा प्रस्ताव आवश्यक है, वहां उसकी प्रक्रिया तत्काल पूरी की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में लगभग 30 हजार विद्यार्थियों का यू-डाइस डेटा आधार से मैच नहीं हुआ है, जिसे शीघ्र सुधार कर पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार 27 हजार विद्यार्थियों के आधार वेरीफाई हैं, किंतु उनका अपार आईडी निर्माण शेष है इस पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जाति प्रमाण पत्र के लिए अप्राप्त दस्तावेज के तहसीलदारों से समन्वय किया जा सकता है। ताकि सभी स्कूलों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बन सकें। सभी विद्यालयों में चेक लिस्ट तैयार करें, ताकि संस्था प्रमुख दस्तावेजों की पूर्ति समय पर कर सकें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का अपार आईडी कार्ड डीजी लॉकर से जुड़ा होता है, जिससे विद्यार्थियों के सभी आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रूप से डिजिटल रूप में संरक्षित रहते हैं। उन्होंने अधिकारियों से इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, सहायक शिक्षा अधिकारी सीमा नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भूस्खलन के चलते दुर्ग की ट्रेनें हुईं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जम्मू-तवी क्षेत्र में हाल ही में हुए भूस्खलन और ब्रिज मरम्मत कार्य के चलते उत्तर रेलवे की कई रेल-खंडों पर यातायात प्रभावित हुआ है। इसका असर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा है। रेलवे ने कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग में परिवर्तन और आंशिक ट्रेन रद्द करने की जानकारी जारी कीव गई। जिसमें ट्रेन 20847 दुर्गशहीद कप्तान तुषार महाजन,उधमपुर एक्सप्रेस 25 मार्च 2026 तक अंबाला कैंट स्टेशन पर समाप्त होगी। अंबाला कैंटउधमपुर के बीच यह ट्रेन रद्द रहेगी। ट्रेन 20848 ऊधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस 27 मार्च 2026 तक अंबाला कैंट से शुरू होगी। ऊधमपुर अंबाला कैंट के बीच यह ट्रेन रद्द रहेगी। ट्रेन 12549 दुर्ग ऊधमपुर एक्सप्रेस 31 मार्च 2026 तक जालंधर कैंट स्टेशन पर समाप्त होगी। जालंधर कैंट ऊधमपुर के बीच यह ट्रेन रद्द रहेगी। ट्रेन 12550 धमपुर दुर्ग एक्सप्रेस 2 अप्रैल 2026 तक जालंधर कैंट से प्रारंभ होगी। ऊधमपुर जालंधर कैंट के बीच यह ट्रेन रद्द रहेगी। रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से अधिक जानकारी ले सकते है।

# जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन 15 नवम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- आयोजन के लिए विभागों को सौंपा गया दायित्व

15 नवम्बर को महात्मा गांधी कला मंदिर ऑडिटोरियम सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के कियान्वयन के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग योगिता देवांगन को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग अविनाश श्रीवास को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अन्य विभागों को भी दायित्व सौंपा गया है। जिसके अनुसार मुख्य अतिथि, प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जनजातीय समाज प्रमुखों को आमंत्रण का दायित्व प्रोटोकॉल अधिकारी को, कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा का दायित्व पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, स्थानीय जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके वंशजों की सूची उपलब्ध कराने तथा अनुसुचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरण का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी रा दुर्ग, धमधा, पाटन को दिया गया है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग भवन, सड़क दुर्ग को कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाने, टेंट एवं शेड की व्यवस्था का लोक निर्माण विभाग विद्युत एवं यांत्रिकी दुर्ग को, कार्यक्रम स्थल पर विद्युत, जनरेटर, पंखे, कूलर की व्यवस्था का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को, कार्यक्रम स्थल में चिकित्सा व्यवस्था, जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर, प्रयास विद्यालय, विज्ञान विकास केन्द्र एवं छात्रावासों, प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क सिकलसेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, धरती आबा में सम्मिलित चार ग्रामों में संतृप्तिकरण हेतु निःशुल्क सिकलसेल परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को आयुष्मान कार्ड के वितरण का दायित्व सौंपा गया है। आदिवासी विकास दुर्ग को स्थानीय मंत्री, सांसद, विधायक एवं जनजातीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण, नर्तक दल की व्यवस्था, तथा छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों में साफ-सफाई, वृक्षारोपण एवं जनजातीय नायक-नायिकाओं के विषय पर संगोष्ठी, वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण आदि का आयोजन का दायित्व उद्यानिकी विभाग को सौंपा गया है।

### ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्ति को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ली बैठक

# एसआईआर पर कांग्रेस की नजर, दुर्ग जिले में ब्लॉकवार टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- मतदाता सूची में वोट चोरी रोकने की तैयारी

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होते ही कांग्रेस ने भी अपनी राजनीतिक तैयारी तेज कर दी है। दुर्ग जिले में कांग्रेस ने मतदाता सूची में किसी तरह की गड़बड़ी रोकने और मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए ब्लॉकवार टीमें तैनात करने का फैसला किया है।




कांग्रेस ने भी मतदाताओं को जोड़ने के लिए अपनी टीमों की तैनाती के लिए ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों का बैठक लिया। सूची से वोट चोरी न हो, इसको लेकर कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर तक टीम लगाने विशेष तैयारी की है. जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ब्लॉक वार प्रभारी के साथ-साथ जिला कार्यालय से निगरानी हेतु टीम गठित करने कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक ली हैं, ताकि जिले में एसआईआर प्रक्रिया पर अपनी पैनी नजर बनाए रखी जा सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि एसआईआर के जरिए बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में भी दलित, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने की साजिश की जा रही है। ऐसे में कांग्रेस दुर्ग जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों में अपने बीएलए के साथ प्रभारी लगाएगी।

साथ ही जिला कांग्रेस द्वारा पूरे एसआईआर प्रक्रिया का निगरानी भी की जाएगी। यह मॉनिटरिंग टीम प्रदेश भर में एसआईआर अभियान के जरिये होने वाले कार्यों की निगरानी करेगी और जिला या बूथ स्तर पर आने वाली दिक्कतों का समाधान कर आवश्यक दिशा-निर्देश देगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रभारी व मॉनिटरिंग टीम का गठन जल्द कर दिया जाएगा। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है।

बैठक में जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण सहित विक्रांत अग्रवाल, नागमणि साहू, उमेश साहू, हीरालाल वर्मा, सुनीता चन्नेवार, उमाकांत चंद्राकर, सुमन वर्मा, नंदकुमार सेन, टनेन्द्र ठाकरे, विनोद कुमार , रज्जाक खान, संजय देशलहरे, धरम बर्रे, हीरा वर्मा, प्रदिप चंद्राकर, गोपी निर्मलकर, श्रीकांत वर्मा, कपूर साहू, हरीश ठाकुर, पालेश्वर ठाकुर, दुलारी साहू, कमलेश साहू, उमेश बंजारे, मोहित वालदे, संतलाल बंजारे, कामदेव साहू, मंगला राम साहू, जीवधन साहू, डेरहा राम साहू, बुधराम साहू, यशवंत यादव, मन्नू लाल यादव, कमलेश साहू उपस्थित थे।

# यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड के निवेशकों को राशि वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- राशि के भुगतान के लिए पूर्ण दस्तावेज़ जमा करना अनिवार्य

कलेक्टर कार्यालय की चिटफंड शाखा में यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि, निवेशकों को वापसी के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जिन निवेशकों ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं, उनमें से कुछ के दस्तावेज़ों में कमी पाई गई है। जिसके कारण उन्हें भुगतान रोका गया है। चिटफंड शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ निवेशकों सूची संलग्न द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ मूल बांड पेपर जमा नहीं किया गया है एवं कुछ निवेशकों के द्वारा अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी बैंक पास बुक की पठनीय छायाप्रति प्रस्तुत नहीं की गई है। सूची में दर्शित यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड कंपनी के ऐसे निवेशक जिनके द्वारा अपूर्ण दस्तावेज अथवा अपने आवेदन के साथ मूल बाण्ड की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है उनको वांछित दस्तावेज जिला कार्यालय दुर्ग के चिटफण्ड शाखा कक्ष क्र 30 में कार्यालयीन समय में जमा करने कहा गया है। दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से निवेशकों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सिकलसेल मरीजों के प्रमाण पत्र बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सेलूद।** अटल मॉनिटरिंग पोर्टल द्वारा केंद्र स्तर पर तथा सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री जिला स्तर किए गए समीक्षा तथा कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समस्त सिकलसेल रोग वाले मरीजों को विशेष कैंप लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने के लिए निर्देश किया गया है। डॉ. बी कठौतिया बीएमओ पाटन ने बताया कि सिकलसेल मरीजों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए 12 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में किया जाना है। समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच से अनुरोध किया है छूटे हुए सिकलसेल मरीजों को भेजकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाए।

### गांव-गांव में चल रहा है मतदाता पुनरीक्षण का कार्य

**सेलूद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में दुर्ग जिला में मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। इसके अंतर्गत पाटन विधानसभा के बूथ क्रमांक 104 ग्राम चुनकट्टा में बीएलओ उषा जांगड़े के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम चल रहा है। इसमें भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल, राजू राजपूत, कलीबाई, अरुण साहू ने इस कार्यक्रम के बारे में जाना और घर-घर जाकर मतदाताओं को इस कार्य में सहयोग करने की अपील भी किया।

#### निधन

### मनोज अग्रवाल

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के वरिष्ठ पत्रकार सेक्टर 10, सड़क



नंबर 13 क्वार्टर नंबर 2 बी निवासी न्यू प्रेस क्लब आफ भिलाई नगर के सदस्य मनोज अग्रवाल 67 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 10 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी पूनम अग्रवाल, पुत्री अनामिका-आराधना एवं पुत्र ऐश्वर्य अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिले के सभी पत्रकारों और नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# स्कूल की अधूरी बिल्डिंग दे रही दुर्घटना को न्यौता, दहशत में हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले के प्राथमिक शाला निकुम में बीते छः महीने से निर्माणाधीन स्कूल के कमरे की मरम्मत नहीं होना ठेकेदार की मनमानी रवैये व जिम्मेदार अधिकारियों के अनदेखी के कारण कमरे की ढलाई नहीं हुई है।

स्कूल परिसर में मेटेरियल यहां ताहा बिखरा होने के कारण बच्चों को रोज परेशानी से गुजरना आदत सी पड़ गई, वहीं बीते पखवाड़े भर से छत में सेंटरिंग लकड़ी लगाकर छोड़ दिया गया, जिसके कारण नौनिहाल बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है, कई बच्चे लुका छिपी खेल खेलते है, गौर हो कि छत की सेंटरिंग लकड़ी बल्ली के सहारे खड़ा हुआ है, जरा सी चूक दुर्घटना को न्यौता दे रही है। गौर हो कि एक किश्त ठेकेदार को जारी हो चुकी है, फिर ढलाई नहीं हुआ है, जबकि स्कूल समिति ने कई बार ठेकेदार को बोलकर थक गए इस प्राथमिक शाला में 30 बच्चे अध्यनरत है वहीं ग्राम पंचायत निकुम सरपंच भागवत पटेल ने कहा कि निर्माण कार्य जल्दी करने के लिए जानकारी लेता हूं।

## अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा के कारण पूर्व के स्मार्ट रूम में बनाया जा रहा मिड डे मिल




### सेजस निकुम में दांत चिढ़ा रहा नया किचन भवन

स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस स्कूल निकुम में तकरीबन 3 लाख की लागत से बनी नई किचन शेड कमरा बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी नए किचन भवन का ताला नहीं खुला है, खिड़की भी बनी हैं, चूल्हे का धुंआ कैसे कमरे से निकलेगा, ना नल कनेक्शन है ना किचन सिस्टम आखिर अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा के कारण पूर्व के स्मार्ट रुम में मजबूरी में मिड मिल सैकड़ों बच्चों के छोटे से कमरे में बनता है। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला निकुम के बच्चों का खाना जर्जर पुराने कमरे में बनता है।

### आलबरस स्कूल में शौचालय जर्जर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जो बरस में दोनों शौचालय जर्जर हो चुके हैं जिसके कारण स्कूली बच्चों को बहुत परेशान होती है, कई बार अधिकारियों को बोल कर थक गए लेकिन ना शौचालय बना है, ना बाउंड्रीवाल बन सका है ।

## ग्राम पंचायत कुम्हली को सरकारी मद का इंतजार


# कुम्हली में वाटर लेबल कम होने से ग्रामीण परेशान, अब खारून नदी बुझाएगी प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरकार आरक्षण के तहत पदों पर आसीन होने के लिए लाभ तो देती है लेकिन पदों पर आसीन होने के बाद अनुसूचित जाति जनजातीय के पदाधिकारियों को जनहित में विकास करने के लिए विशेष पैकेज की सुव्यवस्था प्रदान नहीं करती जिससे इन्हें परेशान होना पड़ता है। ग्राम पंचायत कुम्हली आरक्षण के तहत सीधी सरल स्वभावी गृहणी टिकेश्वरी सोहन ठाकुर को सरपंच बनने का मौका तो मिला लेकिन ग्राम पंचायत का विकास कैसे किस मद किया जाए कौन नेता विभाग मदद करेगा यह बड़ी चुनौती बनकर सामने खड़ी है।

सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हली में सचिव गेंदलाल साहू के साथ विचार मंथन करने लगे हैं। सरपंच और सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत के पास फंड निरंक है। तालाबो में पचरीकरण, पेयजल का स्त्रोत बढ़ाना, गांव की गलियों से पानी निकासी का प्रबंध, शासकीय स्कूलों का मरम्मत, साप्ताहिक बाजार को सुव्यवस्थित अपडेट करना आदि सहित कार्य सामने हैं, बस इंतजार है कोई मसीहा विकास के लिए फंड उपलब्ध करा दे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत में पंच के रूप में वर्तमान विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा सांसद विजय बघेल के नुमाइंदे आसीन है। फिर भी फंड नजर ही नहीं आ रही है। वहीं ग्राम पंचायत कुम्हली में वाटर लेबल काफी कम होने के कारण 15 नलकूप (बोर) का पानी भी पेयजल के लिए पर्याप्त नहीं है। खारुन नदी का पानी पेयजल के लिए संग्रहित करने के लिए पानी टंकी निर्माण जारी है काम पेंडिंग पड़ा दिख रहा है। जबकि पीएचई एसडीओ जलालुद्दीन खान कहते हैं कि दिसंबर 2025 तक खारुन नदी का पानी पूर्व नियोजित 19 गांवों को पेयजल सप्लाई प्रारंभ कर देगा।

## पानी टंकी निर्माण अधूरी, विकास के लिए फंड अभाव में सरपंच को हो रही दिक्कत








### केवल विद्युत कार्य बाकी है : पीएचई एसडीओ

अक्टूबर 2023 में पेयजल मिशन टेंडर 17 करोड़ 86 लाख 39 हजार की लागत पर दिसंबर 2024 तक पूर्ण हो जाना था किंतु अभी तक टंकी कार्य पूर्ण नहीं दिख रहा है। पीएचई एसडीओ जलालुद्दीन खान कहते हैं कि बिजली का कार्य के लिए राशि जमा हो चुकी है लेकिन विद्युत विभाग का कार्य बाकी है। विद्युत कार्य पूर्ण होते ही कुम्हली सहित सभी 19 ग्रामों को दिसंबर 2025 तक खारुन नदी का पानी पेयजल के रूप में उपलब्ध होना प्रारंभ हो जाएगा। ठेकेदारों को भुगतान सही नहीं होने के कारण कार्य विलंबता की खबरें सामने आने लगी है।

### दिसंबर 2025 से 19 गांव की प्यास बुझाएगी खारुन नदी

पीएचई एसडीओ जलालुद्दीन खान ने बताया कि खारुन नदी ओदरागहन एनीकेट से नदी का पानी बेलहारी में जाकर फिल्टर हो जाएगी और यह फिल्टर पानी टेमरी में बने टंकी में स्टोर कर दिसंबर से 19 ग्राम कुम्हली, जामगांव आर, बोरवाय, औंरी, धमना, नवागांव, बटरेल, किकिरमेटा, रिवागहन, अक्ताई, बेलहारी, ओदरागहन, चारभाटा, सुरपा, टेमरी, भंसुली, मोहभट्ठा, करेला, बीजाभाटा पेयजल सप्लाई की जाएगी।

# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

भाजपा धमधा मंडल की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अध्ययन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। एसआईआर मंडल कार्यशाला प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ने कहा कि पात्र नागरिकों के नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने एवं अमान्य नामों को हटाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। ताकि आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूर्णतः सही और पारदर्शी रहें। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, मतदाता जागरुकता अभियान को गति देने तथा हर पात्र नागरिक को मतदान के अधिकारी से जोड़ने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणी योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एसआईआर में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति हैं। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री बनउ वर्मा ने किया आभार व्यक्त महामंत्री छगन साहू ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री किसान मोर्चा दिलीप गुप्ता, रमन लाल यादव पूर्व जिला उपाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवनाथ सिन्हा, मंजू धीवर, मंत्री मनीषा ताम्रकार, पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष उज्वल ताम्रकार, पार्षद चेतन सोनकर, कुमारी बाई, चंद्रिका भट्ट, सोनिया मिश्रा, शीला शर्मा, जितेंद्र साहू, वीर ताम्रकार, कोमल जंघेल, लुकेश्वरी चंदेल, बुधराम साहू, जबरचंद, आदित्य ताम्रकार साहित शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष आदि एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताएं उपस्थित थे।

■ भाजपा धमधा मंडल की विशेष गहन पुनरीक्षण एवं वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के साथ संगठनात्मक बैठक आयोजित

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

# समय पर गर्भधारण से कम होती है स्तन कैंसर : डॉ. केकरे

**भिलाई।** महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़े हैं। इसके बाद क्रमशः गर्भाशय ग्रीवा सर्विक्स, फेफड़े और कोलोरेक्टर कैंसर के मामले आते हैं। गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम के लिए अब टीके भी उपलब्ध हैं। पर क्या आप जानते हैं कि सही उम्र में मां बनने तथा स्तन पान कराने वाली माताओं को स्तन कैंसर होने की संभावना काफी कम हो जाती है? हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ अनंत मुकुन्द केकरे बताते हैं कि महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़े हैं। वर्ष 2018 में महिलाओं में पाए गए सभी नए कैंसर मामलों में लगभग 28% स्तन कैंसर के थे। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के अनुसार वर्ष 2019 में स्तन कैंसर के 2,00,218 मामले दर्ज हुए, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 2,21,579 पर पहुंच गए. वर्ष 2022 में दुनियाभर में स्तन कैंसर से हुई 6,65,255 मौतों में से सबसे अधिक यानी 98,337 महिलाएं भारत में थीं। डॉ. केकरे ने बताया कि वायु प्रदूषण, विवाह की बढ़ती उम्र, बिगड़ी खानपान और जीवनशैली सामूहिक रूप से इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। अध्ययनों में यह पाया गया है कि 20 से 30 साल की उम्र के बीच मां बनने और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर की संभावना काफी कम हो जाती है। अच्छी बात यह है कि स्तन कैंसर के मामले जल्दी पकड़ में आने पर इसका प्रभावी इलाज संभव है जिसके बाद महिलाएं लंबे समय तक एक अच्छा जीवन जी सकती हैं। महिलाएं प्रतिदिन अपने स्तनों की स्वयं जांच कर उभार या गांठ का पता लगा सकती हैं। महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर गर्भाशय ग्रीवा सर्विक्स का होता है। इसकी रोकथाम के लिए टीका उपलब्ध है। सक्रिय यौन



जीवन शुरू करने से पहले टीका लगवाना उत्तम होता है जबकि बाद में भी इसे लगाया जा सकता है। इसकी जांच भी बहुत आसान है जो किसी क्लिनिक में की जा सकती है। नियमित रूप से पैप स्मीयर टेस्ट करवाने पर स्टेज-0 पर भी इसे पकड़ा जा सकता है। कैंसर के कुछ मामले महिलाओं और पुरुषों में समान रूप से पाए जाते हैं। तम्बाकू और गुटखा का सेवन आजकल महिलाएं भी कर रही हैं जिससे मुंह और गले के कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। गुटखा और तम्बाकू का रस गले के रास्ते पाचन संस्थान तक पहुंच सकता है और उन्हें भी प्रभावित कर सकता है। फास्टफूड और रेडमीट के कारण भी महिलाओं में भी आंतों का कैंसर बढ़ रहा है। डॉ केकरे बताते हैं कि कैंसर के निदान की नई तकनीकें एवं चिकित्सा की नई सुविधाएं विकसित होने से अब न केवल कैंसर ठीक हो सकता है बल्कि जीवन प्रत्याशा एवं गुणवत्ता में भी इजाफा हो रहा है। पर जागरूकता के अभाव में लोग अस्पताल तब पहुंचते हैं जब कैंसर दूसरे या तीसरे स्टेज में प्रवेश कर चुका होता है। इसके बाद कैंसर का इलाज और प्रबंधन काफी मुश्किल हो जाता है।

# सच्ची मित्रता में प्रेम, त्याग और विश्वास ही मूल आधार : पं. युवराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के दशहरा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित युवराज पांडे के मुखारविंद से चल रही यह कथा लोगों के हृदय को भक्ति भाव से सराबोर कर रही है। कथा स्थल पर इतनी अधिक भीड़ उमड़ रही है कि मुख्य पंडाल में जगह नहीं बची। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए आयोजन समिति को अतिरिक्त पंडाल लगाने पड़े। कथा सुनने के लिए महिलाएं विशेष उत्साह के साथ दूर-दूर के गांवों से पैदल पहुंच रहे हैं। पूरा दशहरा मैदान भक्तिमय वातावरण से गूंज रहा है हर तरफ हरे कृष्ण, जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष सुनाई दे रहे हैं। इस भव्य सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय मीना कश्यप की पावन स्मृति में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उनकी पत्नी की भक्ति भावना और समाज सेवा की स्मृति को समर्पित है।

चौथे दिन की कथा में पंडित युवराज पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अलौकिक मित्रता का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत या पद का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि प्रेम, त्याग और विश्वास ही उसका आधार होता है। कथा के दौरान उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया और कई श्रद्धालु आंखों में आंसू लिए भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेरणा लेते दिखाई दिए। कथा स्थल पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद वितरण और भजन संध्या में भाग ले रहे हैं। पाटन इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है ।

### सतनामी समाज के बीआर मौर्य बने अध्यक्ष

**उतई।** ग्राम डुंडेरा में सतनामी समाज का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से बीआर मौर्य को अध्यक्ष बनाया गया एवं निवर्तमान अध्यक्ष केशव महिपाल को समाज ने प्रमुख संरक्षक का बड़ा दायित्व प्रदान किया। साथ ही सामाजिक पदाधिकारियों का भी गठन किया गया जिसमें उपाध्यक्ष दिलीप महिलांगे, तेजराम सोनवानी, सोनित जोशी, सचिव इंद्रजीत सोनवानी, सहसचिव दुलेश गायकवाड़, कलीराम बंजारे, कोषाध्यक्ष परम परमेश्वर देशलहरे रहे।

# मतदाता जागरुकता अभियान को गति देंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई




भाजपा उतई मंडल की बैठक रेस्ट हाउस उतई में सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अध्ययन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। एसआईआर मंडल कार्यशाला प्रभारी प्रखर वक्ता रजा खोखर ने बताया कि पात्र नागरिकों के नए नाम जोड़ने,त्रुटियों को सुधारने एवं अमान्य नामों को हटाने की प्रक्रिया पर इस दौरान चर्चा की गई। ताकि आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूर्णतः सही और पारदर्शी रहें। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं कि सक्रिय भूमिका, मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने तथा हर पात्र नागरिक को मतदान के अधिकारी से जोड़ने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर भी विचार - विमर्श हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणी योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एसआईआर में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति हैं। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री प्रवीण यदु ने किया। आभार व्यक्त नगर भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद लक्ष्मी नारायण साहू ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, अनिल साहू, सभापति सुनीता चंद्राकार, पार्षद संगीत रजक, पार्षद अनिता गढ़े, विमला कामडे उपाध्यक्ष, एकता चंद्राकार, हरीश यादव, मंत्री संध्या भारती, मंत्री घनश्याम चंद्राकार, करण सेन सरपंच करगाडीह, डोमार सिंह सरपंच पुरई, शुभम वर्मा, वैभव देवांगन, फलेंद्र राजपूत, हुबलाल चंद्राकार, संतोष मार्कण्डेय, हर्ष चंदेल शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

■ विशेष गहन पुनरीक्षण एवं संगठनात्मक बैठक उतई रेस्ट हाउस में आयोजित

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डीएलएड अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री से की रिक्त 2300 पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग

## दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के पहुंचे निवास, हुई लंबी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डीएलएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षक के शेष 2300 पदों पर नियुक्ति प्रकिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का निवास घेरा। अचानक पहुंचे अभ्यर्थियों की वजह से निवास स्थान पर गहमागहमी की स्थिति निर्मित हो गई। खास बात यह है कि शिक्षा मंत्री का दुर्ग में स्थित निवास का घेराव करने बड़ी संख्या में जांजगीर,चांपा जिला और पूरे छत्तीसगढ़ से भी युवा पहुंचे। अभ्यर्थियों से शिक्षा मंत्री यादव ने चर्चा की।। शिक्षा मंत्री के द्वारा संचालक, शिक्षा सचिव के साथ बैठ कर हल निकलने का आश्वासन मिला।

### कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने से रोष

संघ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापन के लिए डीएलएड डिग्री अनिवार्य कर दी गई है। सहायक शिक्षक के पदों पर नियुक्त किए गए बीएड डिग्रीधारियों को विभाग द्वारा पद से हटाना पड़ा। इन रिक्त हुए पदों पर डीएलएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन अब तक डीएड अभ्यर्थी को नियुक्ति नहीं दिए और जिनको सुप्रीम कोर्ट के डबल बेंच और हाई कोर्ट के डबल बेंच ने निकाला उनको असंवैधानिक रूप से विज्ञान प्रयोगशाला में समायोजन करके उनका नौकरी सुरक्षित कर दिया लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जिनको नियुक्ति देने के लिए निकला, डीएड अभ्यर्थियों को विभाग और सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का आदेश का अवहेलना करते हुए अभी तक डीएड अभ्यर्थी को नियुक्ति नहीं दिया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद भी भर्ती संबंधित कोई प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जा सकी है। अंततः डीएलएड अभ्यर्थी भी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए हैं।



छत्तीसगढ़ डीएलएड संघ के शैलेन्द्र साहू, गुलाब पटेल, संजय कुमार, दीपक चंद्रवंशी, गीतांजलि साहू, मुस्कान जायसवाल, काजल कुजूर, मनोज कुमार आल्हा 400 की संख्या में शिक्षा मंत्री यादव मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। संघ का कहना है कि दुर्भाग्य की बात यह है कि 2300 पद में लगभग 1600 से अधिक पद आदिवासी वर्ग के अभ्यर्थियों का पद रिक्त है और छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री और देश में आदिवासी राष्ट्रपति के होते हुए भी आदिवासी युवाओं को शिक्षा रोजगार के लिए सड़क पर आना पड़ रहा है और रोजगार से वंचित करके इनका शोषण किया जा रहा है।

### लापरवाही से अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में

अभ्यर्थियों ने कहा है कि बार-बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ। विभाग की लापरवाही के कारण योग्य एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इस मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर 2025 के अपने आदेश में दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देश दिए, लेकिन 45 दिन हो जाने पर भी विभाग द्वारा काउंसिलिंग के संदर्भ में किसी तरह की अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

### काउंसिलिंग कर अनावश्यक देरी

अभ्यर्थियों का कहना है कि विभाग द्वारा 1:1 के अनुपात में अर्थात 1 पद पर 1 ही अभ्यर्थी को काउंसिलिंग के लिए बुलाकर अनावश्यक विलंब किया जाता है। उनकी मांग है कि डीएड वालों का दूसरा चरण की कांउसलिंग प्रकिया 1:3 के अनुपात में कराया जाए ताकि दो माह के अंदर 2300 पदों को भरा जा सके। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायालय के आदेश एवं पद रिक्त होने के पश्चात भी अभी तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उनका कहना है कई बार कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके अभ्यर्थियों को केवल आश्वासन ही मिला था।

## खबर संक्षेप



### कारोबारी का बैग गुमा पुलिस ने खोजकर पांच लाख रुपए से भरा बैग लौटाए

**भिलाई।** कारोबारी नेहरू नगर सुपेला निवासी जितेंद्र जैन बैग में पांच लाख रुपए लेकर एक्टिवा में निकले थे। वे मार्बल लेने का रहे थे। तभी उनका बैग गिर गया था। जितेंद्र जैन आसपास खोजबीन करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर सुपेला पुलिस में शिकायत करने पहुंचे थे। पुलिस सीसीटीवी कैमरा को चेक कर आमजनों से पूछताछ किया गया। तभी न्यु कृष्णा नगर सुपेला संजय गुप्ता से 5 लाख बैग समेत बरामद किया। कार्रवाई में प्रभारी सुपेला विजय यादव,आरक्षक सुर्यप्रताप सिंह राजपुत, धर्मेन्द सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

### लोहे की तलवार लेकर घूमने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लोहे की तलवार लेकर घूमने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि आरोपी रावण भाठा, शंकर नगर सुपेला निवासी अमन समुद्रे नंदिनी टाउनशिप में स्थित चंचल फ्यूल्स के पास तलवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।



### नाकेबंदी कर की गई संदिग्धों की जांच



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा सोमवार को भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र जैसे बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड एवं जिले की सीमाओं में संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की जांच की गई। वहीं दुर्ग जिले की सीमाओं में भी नाकेबंदी कर वाहनों की सतत चेकिंग की जा रही है। इस दौरान एंटीसेबोटाज़ टीम एवं डॉग स्क्वायड द्वारा भी रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने टीमों के साथ मौजूद थे।

## एक-एक कर बंद हो रहे बीएसपी के सभी स्कूल

# बीएसपी स्कूलों के बंद होने का खामियाजा भुगत रहे भिलाई संयंत्र कर्मचारियों के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एजुकेशन हब की बुनियाद रखने में महती योगदान देने वाले टाउनशिप के एक एक कर बंद हो रहे बीएसपी स्कूलों का खामियाजा संयंत्र कर्मचारियों और गैरसंयंत्रकर्मियों के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। तेजी से बढ़ रहे निजी स्कूलों में पालकों की आय की एक बड़ी राशि खर्च हो रही है। पिछले पंद्रह साल के दौरान करीबन 82 स्कूल बंद हो चुके हैं। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को अपडेट करने की मांग की है।

उल्लेखनीय भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही सत्तर के दशक में बीएसपी कर्मियों के बच्चों के लिए सभी सेक्टरों में 116 हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए थे। इनमें प्रायमरी,मिडिल, हाई व हायर तथा सीनियर सेकंडरी स्कूल शामिल थे। यूनियनों के मुताबिक इन स्कूलों में बीएसपी कर्मियों के बच्चो के अलावा गैर बीएसपी कर्मियों के बच्चों के दाखिले का भी कोटा होता था। इसके लिए किसी मिनी आईएएस की तरह इंटरेंस एक्जाम हुआ करते थे। पास होने के लिए पालक बच्चों को कोचिंग दिलाते थे। बीएसपी स्कूल गुणवत्तायुक्त शिक्षा और अनुशासन के लिए पहचाने जाते थे और भिलाई को शिक्षाधानी के रुप में विकसित करने में भी योगदान दिए। लेकिन सेल व बीएसपी की बदली पालिसी,बजट और निजी स्कूलों की बाढ़ के चलते पंद्रह बीस साल पूर्व बीएसपी स्कूलों को बंद किए जाने का शुरु हुआ सिलसिला अब तक चल रहा है।

दस महीने पूर्व सेक्टर 7 इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल को वाइंडअप किया गया । अब तक 82 बीएसपी स्कूल बंद किए जा चुके हैं और वर्तमान में मात्र 11 स्कूल संचालित हो रहे हैं। बीएसपी का शिक्षा विभाग स्कूलों को बंद किए जाने की वजह विद्यार्थी संख्या कम होने से दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाना बताता है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि जिस तेजी से बीएसपी स्कूल बंद हो रहे हैं उससे अधिक स्पीड से खुले निजी स्कूलों में बीएसपी कर्मियों को अपने बच्चों को महंगी फीस में पढ़ाने मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं इंटक व बीएमएस ने भी बीएसपी स्कूलों को अपडेट किए जाने की मांग की है।

### यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को अपडेट करने की मांग





### यह स्कूल हो चुके हैं बंद

पिछले एक डेढ़ दशक के दौरान विभिन्न सेक्टरों में संचालित अनेक स्कूल बंद हो चुके हैं। बंद होने वाले स्कूलों में बीएसपी हाई स्कूल सेक्टर1, सीनियर हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल सेक्टर 2, एनसीआरटी मिडिल स्कूल, सेक्टर 3 सीआईएसएफ कार्यालय निकटस्थ मिडिल स्कूल, सेक्टर 4 हायर सेकंडरी स्कूल, मिडिल स्कूल व प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 5 गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, मिडिल स्कूल। सेक्टर 6 में हायर सेकंडरी स्कूल, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 7 ईएमएएस और सेक्टर 8 हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 10 ईएमएमएस के साथ रिसाली, मड़ौढा व खुर्सीपार में 7 स्कूल बंद हो चुके हैं।

### निजी स्कूलों की बाढ़

एक ओर तेजी से बीएसपी स्कूल बंद हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल बढ़ रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक तीस साल पूर्व आधा दर्जन ही निजी स्कूल थे। लेकिन इस दौरान पचास से अधिक निजी स्कूल खुल चुके हैं। बीएसपी स्कूलों में पढ़ाई क्वालिटी बैस थी फीस नगण्य थी लेकिन निजी स्कूलों में फीस व अन्य एसेसरीज हजारों रुपए पालकों को देना पड़ रहा है। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों के उन्नयन करने की मांग प्रबंधन से की है।

# ग्रे स्पॉट और ब्लैक स्पॉट की जांच करने पहुंची ट्रैफिक पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत दुर्ग ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में विशेष रूप से उन मार्गों एवं स्थानों पर केंद्रित रहा जहां हादसों की संभावना अधिक बनी रहती है। ग्रे स्पॉट, ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने वहां की जांच की।

ट्रैफिक पुलिस सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विशेष दल का गठन कर धामधा, बसनी, सेलूद, साईं मंदिर धामधा, जलबंधा रोड, नागपुरा, अंडा रोड, नंदनी-खुर्दनी समेत अन्य संवेदनशील ग्रामीण स्थलों पर निरीक्षण, निगरानी कर कार्रवाई की गई। तेज रफ्तार में वाहन चला रहे चालको पर शिकंजा भी कसा गया है। दो पहिया चालक, बिना हेलमेट वाहन संचालित करते हुए पाए गए। इन पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। अभियान के तहत 3 लाख 75 हजार 700 रुपए वसूल किया गया है। ड्रिंक एडं ड्राइव 85, रैश ड्राइविंग 55, बिना हेलमेट 125, अन्य उल्लंघनों समेत 997 चालान किया गया। विशेष दल द्वारा मौके पर चालक व्यवहार, सड़क स्थितियों एवं दुर्घटनाओं के संभावित कारकों का भी मूल्यांकन किया गया।

### किया जा रही है निगरानी

दुर्ग ट्रैफिक पुलिस द्वारा ग्रामीण ग्रे स्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है। ट्रैफिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन क्षेत्रों में नियमित गश्त, जांच और चालानी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। हादसों की संभावनाओं को नियंत्रित किया जा सके। सड़क सुरक्षा मानकों को और प्रभावी बनाया जा सके।

- 997 वाहन चालको का कटा चलान

# 24.29 करोड़ से होंगे वैशालीनगर विस में विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही 24 करोड़ 29 लाख 72 हजार रुपये की लागत से अलग अलग वार्डों में कई विकास कार्य होंगे। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। स्वीकृति मिलने के बाद वैशाली नगर विधानसभा के प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला, नेहरू नगर, जुवानी, खम्हरिया, कैलाश नगर, घासीदास नगर, कुरुद, बैकुंठ धाम, जवाहर नगर सहित लगभग दो दर्जन क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाने हैं।

विधायक रिकेश सेन ने लगभग 24 स्थानों में सड़क, नाली व अन्य कार्य के लिए राशि जारी करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार जाताया है।

### सर्विस रोड का होगा चौड़ीकरण

रानी अवंति बाई सरोवर सौंदर्यीकरण के लिए 1.79 करोड़ रुपए, कोसा नगर रेल्वे स्टेशन शहरी गौठान के पश्चिम में नाला चैनेलाईजेशन के लिए 1.38 करोड़, वार्ड-18 लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल, साक्षरता चौक तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण एवं डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 15 लाख, 84 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

### बनेगी नाली सड़क सर्विस रोड

वार्ड-17 सिन्हा नर्सिंग होम से लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल तक सर्विस रोड का डामरीकरण कार्य के लिए 88.97 लाख रुपए, जुनवानी एसबीआई कालोनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण 48.34 लाख रुपए, खम्हरिया भाठा क्षेत्र में सीसी रोड एवं नाली निर्माण क लिए 47.36 लाख रुपए, वार्ड 21 कैलाश नगर भगवा चौक से राशन दुकान तक मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण के लिए 70.65 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### सुधरेंगी खराब सड़कें

वार्ड-23 घासीदास नगर में मुख्य मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण के लिए 56.31 लाख रुपए, कैलाश नगर एवं घासीदास नगर अटल आवास मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण के लिए 41.25 लाख रुपए, कुरुद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना भवन से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तक सीमेंटीकरण मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य 82.37 लाख रुपए, कैलाश नगर महावीर मार्ग का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण 46 लाख रुपए, जवाहर नगर वेंडिंग जोन से ज्योतिबा फुले चौक तक मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 91.76 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

**जीई रोड के सामानांतर सर्विस रोड का निर्माणः** कुरुद बस्ती से गोकुल नगर तक डामरीकरण एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 1.50 करोड़ रुपए, जीई रोड के सामानांतर 18 नं. रोड से लेकर बिहार होटल तक सर्विस रोड निर्माण 51.24 लाख रुपए, बैकुंठधाम स्वागत द्वार से लेकर स्वास्थ्य कार्यालय तक एवं किशन चौक से पप्पू चौक होते हुए 1 नं. पम्प हाउस तक डामरीकरण कार्य के लिए 1.56 करोड़ रुपए, जीई रोड के सामानांतर चंद्रा मौर्या टॉकिज से नगर निगम के सामने से बजाज शोरूम तक सर्विस रोड निर्माण कार्य के लिए 2.20 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलीहै।

# सेल क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू बर्नपुर ने सेल रांची को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल क्रिकेट चैंपियनशिप सोमवार से सिविक सेंटर क्रिकेट ग्राउंड में शुरु हो गई। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे व विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक सौरभ शुक्ला थे। कार्यक्रम का आयोजन बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता 15 नवंबर तक चलेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित विभागीय लोग उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में सेल के इस्को बर्नपुर, डीएसपी दुर्गापुर, बीएसएल- बोकारो, सेल- रांची, आरएसपी राउरकेला, एसएसपी सेलम, कॉर्पोरेट ऑफिस, एसआरयू, सीएफपी-चंद्रपुर वीआईएसएल- भद्रावती और बीएसपी की टीम भाग ले रही हैं। पहले मुकाबले में इस्को-बर्नपुर की टीम ने सेल- रांची को 119 रनों से पराजित किया। निर्णायक आरपी सिंह, कौशल वर्मा, सुनील डडसेना, संतोष सोनी, पीयूष साहू, हरप्रीत सिंह तथा अशोक रिगरी थे।





## भिलाई जोन 1 में आम जनता की शिकायत पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

# अवैध कब्जों पर कार्रवाई ठंडे बस्ते में, पांच महीने से फाइल दबा कर बैठे हैं आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


सुशासन तिहार में मिली शिकायतों पर कार्रवाई करने की जगह उस फाइल को भिलाई नगर निगम दबकर बैठ गया है। जोन एक के आयुक्त ने शिकायत के बाद सैकड़ों अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करने के लिए नोटिस तो जारी किया, लेकिन उसके बाद उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। जानकारी के मुताबिक जोन-1 क्षेत्र में जीई रोड नेहरू भवन रोड से लेकर रावणभाठा सुपेला, इंदिरा नगर चौक तक कई जगह नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने कब्जा कर व्यवसाय शुरू कर दिया है। इसे लेकर निगम ने करीब पांच महीने पहले सभी अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था। दो बार नोटिस थमाने के बाद निगम ने उस शिकायत और नोटिस की फाइल को दबा दिया। लोगों का आरोप है कि निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने कब्जाधारियों के साथ साठगांठ कर ली है और कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। लोगों का कहना है कि ये शिकायतें सीधे सुशासन तिहार में लोगों ने दी थी और इस पर कार्रवाई करना जरूरी था, लेकिन निगम के अधिकारियों ने उसे भी दबा दिया। इससे निगम की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों को तीसरा नोटिस भी जारी हुआ है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।



### नालियों पर कब्जा, सड़क पर जाम

जोन 1 क्षेत्र में सबसे अधिक पॉश और व्यापारिक प्रतिष्ठान और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र आते हैं। इसके बाद भी यहां सबसे अधिक कब्जा हो चुका है। व्यापारियों ने नालियों के ऊपर कब्जा कर दुकानें और ठेले खोल लिए हैं। इससे सड़क की चौड़ाई घट गई है और वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। चिंताजनक बात यह है कि कई दुकानों के अंदर से नाली गुजर रही है, इस कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही है। कई जगह नाली जाम होने से उसका गंदा पानी सड़कों पर बह रह है। निगम ने पांच महीने पहले इन कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### 17 कब्जाधारियों को दो बार नोटिस



जोन-1 के आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने अवैध कब्जों पर कार्रवाई को लेकर 17 कब्जाधारियों को दो बार नोटिस जारी किया है। इसमें पहला नोटिस 7 मई को और दूसरा 20 मई को जारी हुआ था। नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि इंदिरा नगर चौक से नेहरू भवन होते हुए जीई रोड तक कई दुकानदारों ने सड़क और नाली पर कब्जा कर रखा है। सड़क पर सामान रखे जाने से आवागमन बाधित हो रहा है। उन्हें सात दिन के भीतर कब्जा खाली करने की चेतावनी दी गई थी। कई महीने बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।

### फाइलें मंगवाई गई हैं

संबंधित अधिकारी से फाइलें मंगवाई गई है। क्षेत्र का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अवैध कब्जों पर लगातार निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी हरेगी।

**अजय सिंह राजपूत,** आयुक्त जोन-1, नगर निगम भिलाई



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



02



सुयोग्य वर-वधु की तलाश में विचार किये साझा, कहा दहेज और नशा मुक्त जीवन साथी से हो आदर्श विवाह


## लाइव इवेंट

## ऑनलाइन डेटा संग्रहण और अनेक कार्य बिना कोडिंग ज्ञान के भी सहजता से संभव



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में इंट्रोडक्शन टू एआई एंड नो कोड ऑटोमेशन विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान तकनीकी ज्ञान का प्रसार करने और छात्रों को भविष्य की डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी पहल करते हुए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में एआई गनस्टेर के संस्थापक अभिनव क्लॉडियस और कोर टीम के सदस्य राहुल सार्वा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन कर की गई। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

■ छात्रों को मिला नॉ-कोड ऑटोमेशन का प्रशिक्षण

महाविद्यालय की प्राचार्या ने वर्तमान युग में प्रत्येक व्यवसायिक क्षेत्र में एआई की बढ़ती अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य के हर पेशेवर के लिए एआई कौशलों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। कंप्यूटर विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सलमा मोहम्मद शफी ने मुख्य वक्तव्य दिया। मुख्य वक्ता अभिनव क्लॉडियस ने रोचक, सरल एवं प्रभावशाली भाषा में एआई और नो कोड आटोमेशन के मूल सिद्धांतों, उनके वास्तविक उपयोग तथा भविष्य में इनके बढ़ते महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि आधुनिक एआई टूल्स जैसे चैट जीपीटी, जेमिनी, लिंकडिंन आदि का प्रभावी उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने मिनटों में डेटा व्यवस्थित करना, उच्च गुणवत्ता वाली प्रेजेंटेशन तैयार करने और ऑनलाइन डेटा संग्रहण जैसे अनेक कार्य बिना कोडिंग ज्ञान के भी सहजता से संभव को प्रदर्शित किया। राहुल सार्वा ने छात्रों को यह समझाया कि किस प्रकार वे अपना स्वयं का एआई पर आधारित ऑनलाइन असिस्टेंट तैयार कर सकते हैं, जो उपयोगकर्ता के डिजिटल क्लोन के रूप में ईमेल उत्तर देने सहित अनेक कार्य खुद कर सकता है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। उन्होंने वक्ताओं से प्रश्न पूछे और नई तकनीकों को समझने में गहरी रुचि दिखाई। उनकी सक्रिय भागीदारी ने पूरे व्याख्यान को और अधिक संवादात्मक, प्रभावपूर्ण एवं उपयोगी बनाया। इस दौरान विद्यार्थियों को AI के माध्यम से अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने और नए करियर अवसरों का लाभ उठाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ. आशा रानी दास, नैक समन्वयक डॉ. रूपम अजीत यादव, महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक विशेष रुप से उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीप्ति चौहान द्वारा किया गया।

## सिटी इवेंट

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं का जत्था हैदराबाद के लिए रवाना



**भिलाई।** सीमा सुरक्षा बल के तत्वावधान में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित और अति दुर्गम क्षेत्रों से चयनित 20 आदिवासी युवक-युवतियों का सातवां जत्था आज हैदराबाद (तेलंगाना) के लिए रवाना हुआ। कार्यक्रम के दौरान ये युवा देश के विभिन्न राज्यों से आए अन्य प्रतिभागियों के साथ मिलकर आपसी संवाद और सांस्कृतिक अनुभव साझा करेंगे। इसका उद्देश्य आदिवासी युवाओं को अन्य राज्यों की संस्कृति, खानपान, रहन-सहन और परंपराओं से परिचित कराना है।

■ बीएसएफ का 7 दिवसीय आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम

हैदराबाद प्रवास के दौरान प्रतिभागी स्थानीय लोक कार्यक्रमों में शामिल होंगे और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह सात दिवसीय कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कांकेर और नारायणपुर जिलों में तैनात बीएसएफ की इकाइयों द्वारा कुल 25 भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 650 आदिवासी युवा भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट व्यक्तियों के साथ संवाद, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता और करियर मार्गदर्शन शामिल हैं। साथ ही प्रतिभागी हैदराबाद के औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सुरक्षा बलों के शिविरों का भी दौरा करेंगे।





● आईआईटी भिलाई के पांचवे दीक्षांत समारोह का आयोजन

# सशक्त व आत्मनिर्भर भारत निर्माण में विद्यार्थी दें महत्वपूर्ण योगदान : उपराज्यपाल सिन्हा

**भिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह सोमवार को परिसर स्थित नालंदा हॉल में आयोजित किया गया। इस समारोह में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में अदाणी सीमेंट के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ विनोद बाहेती विशेष अतिथि और डॉ. सुरेश हवारे गेस्ट ऑफ ऑनर थे। आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ने समारोह की अध्यक्षता की। दीक्षांत समारोह की शुरुआत अकेडमिक प्रोसेशन के आगमन के साथ हुई।**

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के निदेशक, प्रो. राजीव प्रकाश ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें संस्थान की पिछले वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और प्रगति की जानकारी दी गई। उन्होंने संकाय द्वारा किए जा रहे उन्नत शोध परियोजनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि संस्थान का अनुसंधान एवं विकास बजट लगभग 36% बढ़कर वित्त वर्ष 2024–25 में 13.93 करोड़ हो गया है।

प्रो. प्रकाश ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर 2025 को आयोजित एक वर्चुअल समारोह में आईआईटी भिलाई के फेज बी निर्माण की शिलान्यास पटिका का अनावरण किया। यह परियोजना, जिसकी लागत 2,257.55 करोड़ रुपए है। अक्टूबर 2028 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसके तहत परिसर में 1,51,343 वर्ग मीटर का नया निर्मित क्षेत्र जोड़ा जाएगा। फेज बी का एक प्रमुख भाग रिसर्च पार्क की स्थापना है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में पहला होगा। यह पार्क शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा। निदेशक ने सभी स्नातक छात्रों को बधाई दी और कहा कि पूर्व छात्र पहले से ही उद्योग, उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

## गोल्ड मैडल सुदीप, अंकिता और सूर्यकेता राजू को प्रदान किया






### उपराज्यपाल ने की आईआईटी की सराहना

अपने दीक्षांत संबोधन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संस्थान की राज्य के समग्र विकास, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के उत्थान के प्रति की जा रही प्रतिबद्ध और सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने आईआईटी भिलाई के संकाय सदस्यों की भी सराहना की, जो विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास का नेतृत्व कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने सभी स्नातक छात्रों को बधाई दी और उन्हें ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया जो समाज के हित में हों और एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।



### अत्याधुनिक ढ़ाचे की सराहना की

विशिष्ट अतिथि विनोद बाहेती, डब्ल्यूटीडी और अदाणी सीमेंट के सीईओ ने स्नातकों को बधाई दी और छात्रों को पेशे में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के महत्व की याद दिलाई, जो उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पोषित किए जाने वाले महत्वपूर्ण मूल्य हैं। उन्होंने छात्रों को उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करने, उद्योग की माँगों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु संस्थान के भविष्य-तैयार परिसर और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे की भी सराहना की। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. सुरेश हवारे ने सभी स्नातक छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी जन्मजात प्रतिभा और अर्जित ज्ञान को निखारते हुए दृढ़ और मेहनती बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गोल्ड मेडल सुदीप, अंकिता व सूर्यकेता को

5वें दीक्षांत समारोह में 269 छात्रों ने 2025 में स्नातक किया। इस बैच में 25 पीएचडी, 24 एमएससी, 58 एमटेक, 10 बीटेक (ऑनर्स) और 152 बीटेक छात्र शामिल थे। इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल, डायरेक्टर गोल्ड मेडल और सेनेट अवार्ड्स का वितरण माननीय उपराज्यपाल द्वारा किया गया। उन्हें इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल सुदीप रंजन साहू, बीटेक छात्र को दिया गया, जिनका सीजीपीए सबसे अधिक था। एमटेक में डायरेक्टर गोल्ड मेडल सूर्य केताराजू को प्रदान किया गया। बीटेक, बीटेक (ऑनर्स) और एमएससी में उत्कृष्ट महिला छात्रा के लिए डायरेक्टर गोल्ड मेडल अंकिता अवस्थी को दिया गया। सेनेट अवार्ड्स उन छात्रों को दिए गए जिन्होंने अपने-अपने शाखाओं और कार्यक्रमों में सबसे अधिक सीजीपीए प्राप्त किया।

# गतका फैडरेशन कप में आठ राज्यों की टीमों ने लिया भाग, छग ने जीता रजत पदक

**भिलाई।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा बैंगलोर के यूनिवर्सिटी ग्राउंड में 7 से 9 नवंबर तक गतका फैडरेशन कप और द्वितीय पाइथियन खेल का आयोजन किया गया। जिसमें देश की श्रेष्ठ आठ राज्यों की टीमों ने भाग लिया। एसोसिएशन के महासचिव जसवन्त सिंह खालसा ने बताया कि छत्तीसगढ़ गतका टीम की ओर से खेलते हुए अर्शदीप सिंह ने सिंगल सोटी व्यक्तिगत इवेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया और टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। साथ ही सिंगल सोटी में गुरताज सिंह, गुरप्रीत सिंह, समर्थ सिंह ने कांस्य पदक और महिला गतका टीम में डिम्पल कौर, विधि गुप्ता और निधी गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के लिए कांस्य पदक हासिल किया। ब्वॉयज टीम के कोच राजवीर सिंह और गर्ल्स टीम कोच रोहिणी धीमान थे। अमन सिंह का फैडरेशन कप और पाइथियन खेल के लिए नेशनल रैफरी के लिए चयन किया गया। इस जीत पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह, जसवन्त सिंह खालसा, रंजीत सिंह, कल्पना स्वामी, जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह, सुच्चा सिंह, गुरनाम सिंह और कई खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



# बीसीजी नें पंचशील बुद्ध विहार को सौंपी 25 कुर्सियां, सेवा कार्य में बढ़ाया कदम



**भिलाई।** ब्रदर्स चेरिटी ग्रुप बीसीजी भिलाई के सदस्य नरेन्द्र खोब्रागडे, डीआर सहारे, प्रीतेश पाटिल, जालेन्द्र उके और शिरीष मेश्राम ने पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार में जाकर बुद्ध विहार समिति को 25 कुर्सियां प्रदान की।

इस अवसर पर पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार के अध्यक्ष भागवत शेण्डे, जालेन्द्र उके, चन्द्रशेखर कराडे, प्रकाश श्यामकुंवर और महिला समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। दान पुण्य के इस पुनित कार्य में ब्रदर्स चैरिटी ग्रुप बीसीजी के सदस्यों में नरेन्द्र खोब्रागडे, डीआर सहारे, संतोष भीमटे, जेबी पाटिल, डीपी भोईर, प्रकाश मेश्राम, प्रितेश पाटिल, रंजू खोब्रागडे, जालेन्द्र कुमार उके, हरिकिशन भोवते, आशिष चौहान, बुध्द प्रकाश मेश्राम, तारक सतदेवे, आनंद मडामे, बीआर कठाने, शिरीष मेश्राम, दुर्गाप्रसाद चौरे, बसंत नंदेश्वर, पृथ्वीराज गणवीर, नामदेव दुफारे और चन्द्रभान कुसरे ने सहयोग दिया।

## गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई का दीपावली मिलन-अन्नकूट कार्यक्रम

# अन्नकूट प्रसादी ग्रहण कर सामाजिक एकजुटता और संस्कारों का दिया संदेश, संस्कृत में श्लोक, मंत्रों और भजनों को मिली सराहना

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई का दीपावली मिलन समारोह हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिसमें संस्कृत में श्लोक, मंत्रो और भजनों को उपस्थित सभी लोगो ने खूब सराहा। अतिथियों ने बच्चों को शुरु से ही हनुमान चालिसा, सुंदर कांड की चौपाई और भजनों को सिखाने की बाते कही।इस अवसर पर समाज के संरक्षक आर पी शर्मा, रामेश्वर प्रसाद, अशोक पंचोली, श्याम सुंदर शर्मा, कैलाश शर्मा, अनुपम शर्मा उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत परशुराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन-अर्चना और महाआरती के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोगो ने भगवान परशुराम से विश्व शांति और कल्याण की कामना और प्रार्थना की।इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि हमें अपने बालकों को मंत्रों के बारे में जानकारी देना चाहिए। बच्चों को शुरु से ही हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, गायत्री मंत्र, शिव तांडव की जानकारी होनी चाहिए।



### सामाजिक एकता पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज को अपने अस्तित्व की रक्षा और शोषण की लड़ाई के लिए एक होना जरुरी हैं। सामाजिक चुनौतियां का सामना करने के लिए ब्राह्मण समाज में एकता की आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन समारोह में सभी अतिथियों और सामाजिक लोगो के अधिक संख्या में शामिल होने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिवाली की बधाई दी साथ ही समाज को एकजुट रहने और समाज के लोगो को यथायोग्य सहायता करने की बातें कही। सामाजिक सद्भाव और एकजुटता के उद्देश्य से आयोजित अन्नकूट महोत्सव और स्नेह मिलन समारोह के भक्ति भाव से अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन में भक्ति, स्नेह और एकता का अनुपम वातावरण बना रहा।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में मारवाड़ी गानों पर राजस्थानी परिवेश में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही अनुराधा शर्मा और अन्य सदस्याओं द्वारा संस्कृत में श्लोक, मंत्र और भजनों गाये। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं से आपस में परिचय और सदभावना का विकास हुआ। मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग से राजेन्द्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा बंटी, रमेश कुमार शर्मा, प्रमोद जोशी, संजय शर्मा, राजनांदगांव के अध्यक्ष विजय पटाक, नंद किशोर पटाक, श्याम मुरारी शर्मा सहिक अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर महेश वशिष्ठ, शशि भूषण शर्मा, विनय पंचोली, ओम प्रकाश शर्मा, संतोष शर्मा, भंवर लाल शर्मा, अजय शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, मनीष शर्मा, डॉ तेज प्रकाश शर्मा, मधुकांत शर्मा, पार्षद पीयूष मिश्रा, सुनील शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा उतई, संजय शर्मा, पवन शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा, कमल शर्मा, मनोज जोशी, मुकेश वशिष्ठ, राजेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, सुमित शर्मा, शुभम शर्मा, पीयूष पंचोली, पीयूष शर्मा, आर्य व्रत पंचोली, आर्य वीर पंचोली, बसन्त शर्मा, रणजीत शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, डॉ राघवेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, आकाश शर्मा, ममता शर्मा, विजय कांता शर्मा, कृष्णा पंचोली, सीमा शर्मा, सुनीता शर्मा, आरती शर्मा, संगीता शर्मा, मोनिका शर्मा, नीलम वशिष्ट, अनुराधा शर्मा, माला जोशी, साक्षी शर्मा, डॉ स्वीटी कौशिक आदि मौजूद थीं।

## सिटी इवेंट

# ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन व पारिवारिक मिलन समारोह 21 को



**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार समाज दुर्ग नगर का वार्षिक अधिवेशन और पारिवारिक मिलन समारोह 21 दिसंबर को विवेकानंद सभागृह, जेल चौक दुर्ग में आयोजित है। इस आयोजन को लेकर समाज ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव ने बताया कि समाज की कार्यकारिणी बैठक सिकोला भाटा में हुई। बैठक की शुरुआत यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री राधे-कृष्ण की पूजा अर्चना से हुई। इसमें समाज को संगठित करने और सदस्यता अभियान के जरिए हर परिवार को जोड़ने पर चर्चा हुई। समाज ने निर्णय लिया कि दुर्ग नगर को चार ब्लॉक में बांटकर पदाधिकारियों का विस्तार किया जाएगा, ताकि समाज के हर परिवार तक संगठन की पहुंच बने। बैठक में वार्षिक अधिवेशन, पारिवारिक मिलन समारोह और युवा-युवती परिचय सम्मेलन पर भी विचार हुआ। कार्यक्रम में समाज के पुलिस, अधिवक्ता, डॉक्टर, शिक्षक, खिलाड़ी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों सहित वहीं स्कूल-कॉलेज के 95 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक जनगणना अभियान भी आयोजन का हिस्सा होंगे। समाज के पदाधिकारी हर घर जाकर आमंत्रण पत्र और सामाजिक फॉर्म भरवाएंगे। बैठक में अध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंदा लखन यादव कार्यकारिणी अध्यक्ष, भुनेश्वर यादव, पदुम यादव, अर्जुन यादव, अशोक यादव, राज कुमार यादव, सतीश कुमार यादव, मनोज यादव, नीरज यादव, प्रीताम्बर यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

- **उत्कृष्ट कार्य करने वाले व प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित**

## धर्म लाइव

# डॉ. दानी के तृतीय ग़ज़ल संग्रह चश्मे बद्दूर का विमोचन 16 को



**दुर्ग।** ज़िला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में दुर्ग शहर के वरिष्ठ कान नाक गला विशेषज्ञ व दुर्ग ज़िला हिन्दी साहित्य समिति के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर संजय दानी जी के तृतीय ग़ज़ल संग्रह चश्मे बद्दूर का विमोचन 16 नवम्बर को आईएमए भवन मोहन नगर दुर्ग में दोपहर 3.30 बजे होगा । क्षेत्र के सभी साहित्यकारों व साहित्य प्रेमियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने डॉ संजय दानी व दुर्ग ज़िला हिन्दी साहित्य समिति के पदाधिकारियों ने तहे दिल से आमंत्रित किया है । उन्होंने साहित्य प्रेमियों से साहित्यिक कार्यक्रम की गरिमा बढाने के लिए अपने दायित्व का यथोचित निर्वहन करने हेतु भी आग्रह किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता का दायित्व वरिष्ठ साहित्यकार श्री रवि श्रीवास्तव जी के कांधों पर होगा। अतिथि वक्ता के आसन पर वरिष्ठ साहित्यकर डॉ परदेशी राम वर्मा व भाषाविद डॉ. चितरंजन कर साहब विराजमान होंगे। आलेख पाठ की ज़िम्मेदारी बखूबी निभाने वरिष्ठ कथाकारा सरला शर्मा निभायेंगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ बलदाऊ राम साहू भी ग़ज़ल संग्रह पर अपनी सारगर्भित टिप्पणी रखेंगे। स्वागत उद्बोधन दुर्ग की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. ममता दानी के मुखारविंद से संप्रेषित होगा। कार्यक्रम के शेष हिस्सों का संचालन साहित्यकार द्वय राकेश गुप्ता व शाद बिलासपुरी क्रमशः करेंगे। आभार प्रदर्शन का दायित्व संस्था के सचिव राकेश गुप्ता पूर्ण करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम दुर्ग ज़िला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वाधान में आयोजित है। संस्था के अध्यक्ष बल्दाऊ राम साहू समिति के पदाधिकारियों ने दुर्ग भिलाई के साहित्यकारों व साहित्य प्रेमियों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि उपरोक्त क़िताब डॉ. संजय दानी की 9 वीं किताब है। इसके पूर्व उनकी 2 गज़ल संग्रह, 2 कहानी संग्रह व 4 उपन्यास आ चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विमोचन समारोह का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद तो डॉ संजय दानी के कुछ चुनिंदा गजलों का सांगितिक प्रस्तुति डॉ. चितरंजन कर द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम के मध्य में डॉ चितरंजन कर का सम्मान किया जायेगा। इस वर्ष उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंडित सुन्दर लाल शर्मा साहित्यिक अवार्ड से नवाज़ा गया है।

# कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा बिहार चुनाव में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी प्रदान की गई थी। 20 दिन बिहार में चुनाव प्रचार प्रसार किए। सोमवार को दुर्ग आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रायपुर एयरपोर्ट बाजे गाजे फूल माला के साथ स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही केक काटकर जन्म दिन की हार्दिक शुभकामाएं दी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, जिला मंत्री गिरेश साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, अंडा-निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू आदि उपस्थित थे।

● दुर्ग जिला साहू संघ का 34वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

# सुयोग्य वर-वधु की तलाश में विचार किये साझा, कहा दहेज और नशा मुक्त जीवन साथी से हो आदर्श विवाह

**भिलाई।** दुर्ग जिला साहू संघ के तत्वावधान में रविवार को 34वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 350 विवाह योग्य युवक-युवतियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया गया। विवाह योग्य परिवार का चयन करने के लिए समाज की मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन भी किया गया। जिसमें साहू समाज पंजीकृत 1001 विवाह योग्य युवक-युवतियों का नाम, फोटो एवं बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक ध्वजारोहण और साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की आरती कर शुरुआत की गई। इस अवसर पर लोगो ने धन का अपव्यय एवं दहेज प्रथा बंद कर आदर्श विवाह की भी बातें कही। कुछ युवतियों ने कहा कि जीवन साथी ऐसा हो जो किसी भी तरह के नशे का सेवन न करता हो। उन्होंने अपना परिचय, शिक्षा एवं जीवन साथी के तलाश में अपने विचार साझा किये। परिचय सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, सरकारी पदों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और मंच में अपना परिचय दिया। अभिभावकों के लिए अलग से बैठकर आपस में चर्चा करने लिए एक अलग पंडाल बनाया गया था जहां बहुत से परिवार के अभिभावकों ने एक दूसरे से मुलाकात कर रिश्ता तय करने के लिए प्रक्रिया भी शुरु की।





### पूर्व गृहमंत्री ने समाज की एकता बनाएं रखने लोगों से की अपील

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की जो नियमावली का पहले बनाई गई थी, उस का पालन होता आया है लेकिन अब धीरे धीरे गिरावट आ रही है।सामाजिक चुनाव प्रकरण कोर्ट में गया। नियमावली में समय के अनुसार परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने कहा कि अंतरजातीय विवाह प्रकरण बहुतायत हो रहे है। ये गंभीर चिंतन का विषय है इस पर समाज पर गहरा असर पड़ रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा में बेटा पढ़ाओं भी जोड़ना पड़ेगा।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन का जनक साहू समाज

जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन का जनक साहू समाज है। पत्रिका के माध्यम से अनेक रिश्ते पिछले वर्ष तय हुए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि सभी को चिंतन और मनन कर एक अच्छे वातावरण नई पीढ़ी को तैयार करना है। हम सभी समाज के रीति नीति से जुड़े रहेंगे, ताकि आने वाले पीढ़ी को अच्छे संस्कार एवं भविष्य दे सके। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, रामशिला साहू, जितेंद्र साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेन्द्र साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला साहू संघ के सलाहकार रमेश साहू, भीखम साहू, लखन साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, रागिनी साहू, मंजू साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू , संगठन सचिव लालसिंग साहू, शोभा साहू, समन्वयक यतीश साहू, कार्यालय प्रभारी सुनील साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ टीका राम साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका देवीश्री, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, संयोजक विधि प्रकोष्ठ पी आर सर्वा, प्रभारी न्याय प्रकोष्ठ जे पी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अजय चौधरी, सहसंयोजक देवेंद्र साहू, कार्यालय सचिव चंद्रकांत साहू, शहर तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, ग्रामीण अध्यक्ष पुसउ राम साहू, पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, धमधा तहसील अध्यक्ष श्याम लाल साहू, नवीन साहू, कुंदन साहू, कुलदीप साहू, ललन साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक काफी अधिक संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश साहू और दिलीप साहू और आभार दिव्या कलिहारी ने किया।

## रूंगटा कॉलेज में कार्यक्रम

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में आज की शिक्षा और शोध प्रणाली पर किया फोकस



**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट ने संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन डेंटल ऑडिटोरियम भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश विशेषज्ञ वक्ता थे। उन्होंने आज की शिक्षा और शोध प्रणाली में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता पर एक व्याख्यान दिया।

डॉ. साकेत रुंगटा निदेशक एसआरजीआई ने ऐसे एफडीपी कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक शिक्षा से जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया। डॉ राजीव प्रकाश ने छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के उपयोग, पारंपरिक उपचार प्रणालियों में उनके योगदान और सतत स्वास्थ्य देखभाल में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सभ्यता में मानव संबंधों और सामाजिक बंधनों के महत्व पर भी बल दिया, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की, जिसमें समग्र शिक्षा, कौशल विकास, और मूल्य-आधारित शिक्षा को एकीकृत करने के उद्देश्यों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आईआईटी भिलाई और एसआरजीआई के बीच अकादमिक सहयोग, शोध साझेदारी को बढ़ावा देने और छात्रों व फैकल्टी के लिए नवाचार-आधारित शिक्षण अवसरों को प्रोत्साहित करनेके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

समापन सत्र में, डॉ. श्रीकांत बुर्जे निदेशक शैक्षणिक एसआरजीआई ने प्रो. राजीव प्रकाश को आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन पर आभार व्यक्त डॉ. त्रिप्ती अग्रवाल जैन प्राचार्य आरसीएसटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिसने एकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता की भावना को अभिव्यक्त किया।एसआरजीआई के चेयरमैन ने कहा कि एमओयू होने से सभी क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और फैकल्टी विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भिलाई जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ सहयोग को निरंतर मजबूत करता रहेगा। एफडीपी में एसआरजीआई के विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्यों काफी संख्या में मौजूद रहे।

## 12 टीमों ने लिया हिस्सा

# एमआर क्रिकेट लीग में एमजे 11 की टीम ने जीता पहला मैच



**भिलाई।** एमआर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन टी 20 के रूप में सुराना कालेज ग्राउंड में किया गया। इस दौरान 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक क्रिकेट मैट चला। टूर्नमेंट में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। टीम में एमजे 11, आईके वारियस, स्टार ब्यॉज,पंजाबी किंग इलेवन, केसीसी, हर्ष एंड संडे, नटराज 11, अवेश 11, ओमसाईराम, सावरिया 11, वीर 11 आदि शामिल थे। संचालन सैम इरानी, राजवीर सिंह, प्रतीक सिंह, राजा अली, शोएब खान, हबीब खान, सुमन सोनी, अर्शद खान, ईशान गजपाल, कमरान खान, निक्कु राजपूत, सद्दाम टिगाला मौजूद थे। मैच की शुरुआत एमआर ले आउट संचालक मनोज राजपुत ने ट्रास कर शुरु किया। पहला मैच एमजे 11 और आईके वारियस के मध्य खेला गया। आईके वारियस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 65 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमजे 11 ने शानदार प्रदर्शन कर 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच छोटू कुमार को दिया गया। जिसका प्रसारण यूट्यूब पर लाइव किया गया था जिसमें करीब पांच हजार से अधिक दर्शक खेल मैदान में मौजूद थे। संचालक मनोज राजपूत ने युवा खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट की विशेष रुप से अब उक्त खिलाड़ी बीसीसीआई और आईसीपीएस इंडिया लेवल के हिस्सा बनेगें। एमआर क्रिकेट लीग टी-10 सीजन 2 ने दुर्ग में क्रिकेट का नया इतिहास रचते हुए युवाओं के लिए बड़ा मंच तैयार कर दिया।

### कलिंगा संघम ने आयोजित किया पारिवारिक मिलन समारोह

**भिलाई।** कलिंगा संघम भिलाई नगर ने मैत्री बाग मरोदा में पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया।



आंध्र मूल के किंतला कलिंगा जाति के भिलाई, दुर्ग, भिलाई-3, चरौदा एवं रायपुर साहित आस-पास के क्षेत्रों में निवासत है। उनके संगठित कर सन 1975 में यह संगठन स्थापति किया गया। 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। आंध्र प्रदेश अनुसार कार्तिक मास में किसी वनादित अथवा घने पेड़ों की छांव में कार्तिक वन भोजनालु कहते हैं। संगठन की स्थापना से ही यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।उपस्थित परिवारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सीएच लिंगेश्वर राव ने समाज गठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और कहा कि समाज के संस्थापितो जिन अपेक्षाओं के साथ संगठन स्थापित किया था। महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। खेल सम्मान 2025 वरिष्ठ सदस्य एस पापाराव के सुपुत्र एस मोहन राव को राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय स्तर के नेटबॉल कोच नियुक्त होने पर प्रदान किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में संचालन के वेंकट रमनमूर्ति, पी जर्नादन, ए त्रिनाथ राव एवं पी रामाराव ने किया।

## मिनी-गिरोधपुरी धाम ग्राम गिरहोला में हरियर छत्तीसगढ़ वाटिका का हुआ उद्घाटन

# 200 से अधिक फलदार और छायादार पौधों को लगाकर सहेजने लिया संकल्प, बनाया मिनी उद्यान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नंदिनी नगर अहिवारा धमधा विकासखण्ड के ग्राम मलपुरी खुर्द में स्थापित जेके लक्ष्मी सीमेंट लि. द्वारा मिनी गिरोधपुरी धाम ग्राम गिरहोला में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 200 से अधिक फलदार और छायादार पौधों को लगाकर सहेजने का संकल्प लिया गया। हरियर छ. ग. वाटिका का उदघाटन छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई की क्षेत्रीय अधिकारी अनीता सावंत और सयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकुल श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कंपनी द्वारा वृक्षारोपण के अंतर्गत दो सौ से अधिक फलदार पौधे लगाए गए, साथ ही एक सुंदर उद्यान भी बनाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनित सावंत ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रजत जयंती महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। उन्होंने मानव जीवन और पर्यावरण में वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि जन्म से मृत्यु तक, वन और हरियाली मानव अस्तित्व का अभिन्न अंग बने रहते हैं। पेड़ हमें प्राण वायु देते है।







### स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के हो रहे कार्य

कार्यक्रम के अवसर पर संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह ने कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट लि. विनीता सिंघानिय के मार्गदर्शन में हमेशा सस्टेनिबिलिटी, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण इत्यादि गतिविधियों को जोर देते हुए आसपास के क्षेत्रों का निगमित सामाजिक दायीत्वों के माध्यम से भी विकास कार्य कर रही है। कंपनी द्वारा आसपास के क्षेत्रों में आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण पर भी कंपनी कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य उषा सोनवानी, मिनी गिरोधपुरी धाम, ग्राम गिरहोला के अध्यक्ष कुंजलाल बंजारे और ग्राम संरपंच घनश्याम बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विभाग प्रमुख अवनीश चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर हार्टीकल्चर विभाग के उमेश कुमार, सीएसआर हेड संजय कुमार दुबे और उनके टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### फाइनल में मेट्स पैंथर्स चैलेंजर्स ने 2-0 से खोया मुकाबला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग के अंतर्गत दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि इस मैच का हिस्सा बने। अंत तक मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में ये मैच खेले गए। पहला मुकाबला कलिंगा यूनिवर्सिटी और मेट्स यूनिवर्सिटी के इंटरनेशन छात्रों के मध्य मैत्री मैच का रहा, जिसमें मेट्स यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने मुकाबले में बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए 2–1 से जीत दर्ज की। टीम के लिए टोटल और डांटे ने शानदार गोल किए, कलिंगा की ओर से ऑक्टेवियस द्वारा एक गोल किया गया।

**दूसरे गोल ने बदला मैच**

दूसरा मैच क्वालीफायर-2 राउंड के अंतर्गत नरेश चैलेंजर्स और मेट्स पैंथर्स के मध्य खेला गया। इस मैच में पैंथर्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज करते हुए अपना स्थान फाइनल में दर्ज किया। पैंथर्स के लिए विशाल ने 5वें मिनट में पहला गोल किया, वहीं नितेश ने 49वें मिनट में दूसरा गोल दागा। मैच के दूसरे हाफ में हुए इस गोल के बाद मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आया। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के खेल विभागाध्यक्ष प्रो.राजीव चौधरी, क्लब के मुस्ताक अली प्रधान, प्रवीण जैन, इमरान खान, मनोज बोथरा, सुमित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर, जीते 15 पदक



**रायपुर।** राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 7 से 9 नवंबर तक अमृतसर के बीबीके डीएवी महिला महाविद्यालय में हुई। प्रतियोगिता थाई बॉक्सिंग इंडियन फेडरेशन के तत्वावधान में पंजाब थाई बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 21 सदस्यों के दल ने हिस्सा लिया। इसमें 7 बालक और 10 बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनीस मेमन, महासचिव लखन कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान हासिल किया। चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र और द्वितीय स्थान पर दिल्ली रहा।

मुकाबलों में रायपुर की प्रियंका साहू और मानसी तांडी ने स्वर्ण जीता वही बालोद की अंजली साहू, चिकलेश्वरी और भामन कुमार सिन्हा ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। इसके अलावा बालोद के संयम यादव, आयुष जसूजा और मनीष देशमुख ने रजत पदक जीता। दंतेवाड़ा के मंगल साय नाग ने कांस्य पदक जीता। टिकेश्वरी साहू को थाई बॉक्सिंग इंडियन फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ.कुलदीप सुमनाक्षर और महासचिव रविंदर सिंह ने चैंपियनशिप में आउट स्टैंडिंग सहयोग के लिए विशेष सम्मान से नवाजा।

### 16 नवंबर से इन राशियों की हो सकती है चांदी ही चांदी, सूर्य करेंगे राशि परिवर्तन

सूर्य की स्थिति की बात करें, तो वह अपनी नीच राशि तुला में विराजमान है। नीच राशि में होने के कारण सूर्य सकारात्मक प्रभाव काफी कम दे पा रहे हैं लेकिन 16 नवंबर से सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

**मेष राशि :** इस राशि के अष्टम भाव में सूर्य प्रवेश करेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के लंबे समय से रुके काम पूरे होने के साथ-साथ धन लाभ के योग बन रहे हैं। संपत्ति या फिर घर खरीदने का सपना पूरा हो सकता है।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए सूर्य का वृश्चिक राशि में जाना अत्यंत शुभ हो सकता है। इस राशि के जातकों के लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि में सूर्य छठे भाव में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही तुला राशि में विराजमान शुक्र सुख भाव में विराजमान है।

**सिंह राशि :** सूर्य की नीचता समाप्त होने से इस राशि के जातकों को भी विशेष लाभ मिल सकता है। हालांकि इस राशि में शनि की ढैया चल रही है। लेकिन गुरु के कारण इस राशि के जातकों को काफी लाभ मिल सकता है। इस राशि के जातकों को कई क्षेत्रों में सफलता हासिल हो सकती है। भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है। सूर्य की दृष्टि आपके दसवें भाव पर पड़ रही है।

---

डाक्टर की सलाह लें और अपने खानपान पर दें विशेष ध्यान

# रिपोर्ट में फैटी लिवर बता रहा है, घबराएं नहीं, तुरंत शुरू कर दें बचाव के उपाय

हमारे शरीर के सबसे जरूरी ऑर्गन्स में से एक लिवर माना जा सकता है। लिवर के साथ दिक्कत यह होती है कि एक बार इसमें कुछ गड़बड़ी शुरू हो गई, तो शरीर के कई अन्य फंक्शन्स में भी दिक्कत होने लगेगी। लिवर की कोई भी बीमारी अगर शुरू हो रही है, तो उसके पहले आपका शरीर आपको धीरे-धीरे संकेत देने लगेगा। लिवर शरीर के ऐसे हिस्से में मौजूद होता है जहां जरा सी भी जलन या दर्द आपके पेट, आंतों और दाहिनी तरफ के हिस्से पर असर डाल सकती है।

लिवर का सबसे जरूरी फंक्शन होता है हमारे शरीर में बाइल जूस को बनाना जिससे न्यूट्रिएंट्स जैसे फैट्स और विटामिन ठीक तरह से डाइजेस्ट हो सकें। अगर यही काम किसी वजह से अटकता है, तो फैटी लिवर डिजीज हो जाती है। इसके बारे में फोर्टिस हॉस्पिटल आनंदपुर (कोलकाता) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के असोसिएट कंसल्टेंट डॉक्टर तुहिन मित्रा ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सबसे कॉमन लिवर डिजीज है जिस पर अगर ध्यान ना दिया गया, तो आगे चलकर यह बहुत सीरियस हेल्थ कंडीशन बन जाती है।



### क्या है फैटी लिवर?

यह नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज है। जैसा कि नाम है यह बिल्कुल वैसा ही है कि लिवर के इर्द-गिर्द फैट्स बहुत जम जाते हैं। इसके कारण बाइल जूस ठीक से नहीं बन पाता और आपके लिवर को एक्स्ट्रा काम करना पड़ता है। इस हेल्थ कंडीशन से अधिकतर लोग परेशान हैं।

### क्यों होता है फैटी लिवर?

फैटी लिवर होने का सबसे अहम कारण है अल्कोहल का सेवन। जो लोग ज्यादा अल्कोहल पीते हैं उनका लिवर इस समस्या से ज्यादा परेशान हो सकता है। कुछ मामलों में यह तम्बाकू और अनडाइल्यूटेड स्पिरिट्स या दवाओं के कारण भी हो सकता है। इसके साथ ही, यह बीमारी ऐसे लोगों को भी हो सकती है जो अल्कोहल नहीं लेते और इस केस को नॉन एल्कोहलिक पैटी लिवर डिजीस (एनएएफएलडी) कहा जाता है। यह इन्फेक्शन, जेनेटिक्स, टाइप 2 डायबिटीज, ओवरवेट, एक्स्ट्रा फैट आदि बहुत सी चीजों के कारण हो सकती है। कई बार ट्राइग्लिसराइड्स जैसी समस्या के कारण लिवर फैट बढ़ जाता है।

अगर यह अल्कोहल की वजह से नहीं है, तो लिवर को मूलभूत कोई नुकसान ना हुआ हो ऐसा मुमकिन है। इस मामले में लिवर की सूजन और अन्य तरह का डैमेज तब शुरू होता है जब फैटी लिवर को कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता। इस कंडीशन को नॉन एल्कोलिक स्टीयटो हेपेटाइटिस (एनएएसएच) कहा जाता है।


### फैटी लिवर से डील करने के तरीके

डॉक्टर तुहिन मित्रा के मुताबिक, अगर फैटी लिवर परेशान कर रहा है, तो लाइफस्टाइल को बदलना बहुत जरूरी है। ऐसे में आपको सही मात्रा में खाना-पीना करना होगा। अपने वजन का ध्यान रखना होगा, बहुत ज्यादा अल्कोहल पीना बंद करना होगा।

ऐसे मामले में सबसे पहले आपको अपना वजन कम करने की जरूरत है। अगर किसी को फैटी लिवर की समस्या है, तो उसे कम से कम 7% बॉडी वेट कम करना होगा। इस वेट लॉस और एक्टिविटी का असर शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट्स पर होगा जिससे लिवर की समस्या ठीक होने लगेगी। अगर कोई और बीमारी है जिसकी वजह से वेट लॉस मुमकिन नहीं है, तो आप एक बार किसी डाइटीशियन से भी कंसल्ट करें जो आपको सही फिटनेस रिजीम बनाकर दे।

### फैटी लिवर होने पर खाएं इस तरह के फूड्स

आपको अपनी डाइट में फ्रूट्स और सब्जियों को शामिल करना होगा। इसमें खासतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियां खाना जरूरी है। हाई फाइबर फूड्स जैसे दाल, ओटमील, नट्स आदि बहुत जरूरी है। विटामिन-ई से भरपूर फूड्स भी खाए जा सकते हैं जैसे राई, एवोकाडो, ऑलिव ऑयल, नट बटर और मछली।



---



### घर के इन कोनों पर होती है नकारात्मक ऊर्जा, इन उपायों से कर सकते हैं दूर

कभी आपने सोचा है कि घर में बिना वजह क्लेश होना, दुर्घटना घटना या किसी समस्या के आने की क्या वजह हो सकती है? ऐसा नकारात्मक ऊर्जा की वजह से होता है। यह ऊर्जा बेशक हमें दिखती नहीं है, मगर महसूस होती है और इस ऊर्जा के कारण हमारे साथ काफी कुछ गलत होता रहता है और हम उसे सही करने का प्रयास करते भी हैं, तो मुसीबतें कम होने का नाम नहीं लेती हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि घर के उन कोनों के बारे में हमें पता हो, जहां नकारात्मक ऊर्जा के होने की बहुत अधिक संभावनाएं होती हैं।

**बाथरूम :** बाथरूम में आप स्नान करते हैं और गंदे कपड़ों को भी वहीं रखा जाता है। वैसे तो आपको बाथरूम की सफाई रोज ही करनी चाहिए। हालांकि, व्यस्त जीवनशैली में ऐसा करना मुमकिन नहीं हो पाता है। इसलिए आप बाथरूम को हफ्ते में एक बार साफ जरूर करें। गंदे कपड़ों को ढक कर रखें और इसके साथ ही फिटकरी को रखना न भूलें। हर 15 दिन में फिटकरी को बदल लें और जो फिटकरी आपने बाथरूम में रखी है, उसे आप पानी में घोल कर नाली में बहा दें। ऐसा करने से बाथरूम में वास करने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव को आप कम कर सकते हैं।

**किचन का सिंक :** बहुत से घरों में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है कि किचन का सिंक गंदा न रहे और उसमें झूठे बर्तन भी न रखे जाएं। मगर हर बार यह संभव नहीं है। सिंक है तो गंदे बर्तन तो उसमें रखे ही जाएंगे। मगर इसके साथ ही यहां नकारात्मक ऊर्जा भी वास करती है। यह ऊर्जा सबसे ज्यादा रात के वक्त प्रभावशाली होती है। ऐसे में रात में सिंक को कभी भी गंदा न छोड़ें। रात में सोने से पूर्व



सारे झूठे बर्तनों को धो लें और फिर सिंक को साफ करके उसमें नमक डाल दें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव भी कम होता है और घर की साफ-सफाई भी बनी रहती है।

**स्टोर रूम :** स्टोर रूम का तो मतलब ही है कि आप वहां पर घर का वो सामान रखते हैं, जिसका इस्तेमाल आप न के बराबर करते हैं या फिर वह आपको डिस्पोज ऑफ करना होता है। जाहिर है, स्टोर रूम में सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसलिए आपको स्टोर रूम में भी साफ-सफाई का ख्याल रखना है और रोज शाम के वक्त वहां की लाइट जलानी है। आप स्टोर रूम की खिड़की और दरवाजों पर काला पर्दा डाल कर रखें या फिर काला पेंट करा लें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा एक घेरे के अंदर ही रहेगी और आपको ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**घर की छत :** घर की छत को हमेशा साफ रखें। यदि आप घर की छत पर कबाड़ रखते हैं, तो घर में हमेशा क्लेश बना रहेगा। आपको घर की छत पर हमेशा कम से कम सामान रखना चाहिए। खासतौर पर जंग लगा हुआ लोहे का सामान तो आपको कभी भी नहीं रखना चाहिए, क्योंकि लोहा शनि का प्रतिनिधित्व करता है और यदि उसमें जंग लगी हुई है, तो ज्योतिष के आधार पर आपका शनि कमजोर है। शनि का कमजोर होना यानि आपके जीवन में नकारात्मक परिस्थितियों का उत्पन्न होना ही माना जाता है।



---

### अब बिना घिसे ऐसे साफ होगी जली हुई कड़ाही, बस इन चीजों का करें इस्तेमाल

कुछ आसान टिप्स की मदद से जली हुई कढ़ाही को भी मिनटों में चमका सकती हैं। इसे चमकाने के लिए आपको केवल 3 चीजों की जरूरत होगी।

#### खपरैल से करें कड़ाही की सफाई

खपरैल की मदद से आप अपने जले हुए कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल बालू लेना होगा। पहले बालू को कड़ाही पर लगाएं और फिर खपरैल की मदद से कड़ाही की सफाई करें। ऐसा करने पर आपका कड़ाही साफ हो जाएगा।

#### राख से करें कड़ाही की सफाई

जले हुए लकड़ी जिसे आम भाषा में राख कहा जाता है इसकी मदद से भी आप चाहे तो कड़ाही की सफाई कर सकती हैं। राख की मदद से कड़ाही की सफाई मिनटों में हो जाती हैं। अगर आपका कड़ाही काफी ज्यादा जल गया है तो आपको अपने कड़ाही को राख की मदद से साफ करना चाहिए। खपरैल लें और फिर राख लगाएं ऐसे में आपका कड़ाही मिनटों में साफ हो जाएगा।

#### सैंड पेपर से करें कड़ाही की सफाई

सैंड पेपर की मदद से आप चाहे तो कड़ाही की सफाई मिनटों में कर सकती हैं। सैंड पेपर का इस्तेमाल केवल घर की सफाई के लिए ही नहीं बल्कि कड़ाही की सफाई के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि आपको ज्यादा जोड़ लगाकर सैंड पेपर से कड़ाही की सफाई नहीं करना चाहिए। इससे आपका कड़ाही खराब हो सकता है।

#### इन बातों का रखें ध्यान

कड़ाही की सफाई करते समय ग्लव्स जरूर पहनें, कड़ाही की सफाई हार्ड चीजों से ना करें,कड़ाही की सफाई करते समय ज्यादा प्रेशर कड़ाही पर ना दें और कड़ाही जलने के तुरंत बाद ही कड़ाही की सफाई करें।



### सर्दी-जुकाम नहीं आएंगे पास बनाएं जब अपना पसंदीदा सूप



सर्दियों के मौसम में ठंड से बचने और शरीर को गर्म रखने के लिए सूप पीना बहुत ही अच्छा ऑप्शन है। हालांकि, हम सभी का दिनभर कुछ न कुछ गरमागरम पीने का मन करता है, चाहे वह चाय हो, सूप, हर्बल टी या कोई हेल्दी ड्रिंक। इन ड्रिंक्स से न केवल शरीर को गर्माहट मिलती है, बल्कि ये हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

#### यखनी सूप

यखनी सूप के लिए मटन या चिकन को साफ करके धो लें।फिर एक बड़े बर्तन में पानी डालकर मटन या चिकन की हड्डियों को धीमी आंच पर पकाएं। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और साबुत मसाले डालें। इसे 2-3 घंटे तक पकने दें, ताकि पूरा रस निकल जाए। इस दौरान सूप को छान लें और दही को हल्का फेंटकर इसमें मिला दें। अब हल्की आंच पर उबालें और ऊपर से ताजा हरा धनिया और पुदीना डालें। बस तैयार है गरमागरम यखनी सूप, जिसेनींबू का रस डालकर सर्व किया जा सकता है।

#### कद्दू और नारियल का सूप

कद्दू और नारियल का सूप बनाने कद्दू के टुकड़ों को अच्छी तरह से धोकर छील लें। सभी सामग्री तैयार रखें। एक पैन में जैतून का तेल या मक्खन गर्म करें। इसमें प्याज, लहसुन और अदरक डालकर हल्का सुनहरा होने तक भूनें। अब इसमें कद्दू के टुकड़े डालें और 2-3 मिनट तक चलाते हुए पकाएं। भुने हुए कद्दू में हल्दी पाउडर, नमक और पानी या स्टॉक डालें। इसे ढककर धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कद्दू नरम न हो जाए। मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर ब्लेंडर में स्मूथ पेस्ट बना लें। फिर इसे वापस पैन में डालें। अब नारियल का दूध डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएं।

---

कार्नर न्यूज

फिट रहने एक्सरसाइज जरूर करें, लेकिन जोखिम का रखें ध्यान

# स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते हुए बरतें सावधानी, छोटी सी गलती पड़ सकती है भारी

फिट रहने के लिए हम सभी तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर, ऐसे फिटनेस रूटीन को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, जिसमें खुद को काफी मजा भी आए। हर व्यक्ति अपनी पसंद के अनुसार फिटनेस रूटीन को फॉलो करता है। किसी को योगा करना अच्छा लगता है तो किसी को कार्डियो। लेकिन स्किपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है, जो हर किसी को ही पसंद आता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बचपन में भी रस्सी कूदा करते थे। बचपन का खेल अब उन्हें खुद को फिट रखने का एक बेहतरीन तरीका महसूस होता है। यकीनन रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। लेकिन इसे सही तरह से किया जाना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-



### हाथों को बहुत अधिक हिलाना

अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए अपने हाथों की मूवमेंट बहुत अधिक करते हैं। खासतौर से, अगर आप एक बिगनर हैं, तो यह संभव है कि रस्सी कूदते समय आप अपनी कोहनी या कंधों को बहुत अधिक मूव करें। यह न केवल अप्रभावी है, बल्कि अत्यधिक थका देने वाला भी है। इसलिए, जब भी रस्सी कूदें तो कोशिश करें कि आइने के सामने खड़े होकर ही करें। इससे आपको अपने बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर करने में काफी मदद मिलेगी। याद रखें कि आपके आर्म्स अधिकतर स्थिर रहने चाहिए और ज्यादातर मूवमेंट कलाइयों से होनी चाहिए।

### बहुत ऊंचा कूदना

यह एक आम गलती है जो अमूमन लोग रस्सी कूदते हुए करते हैं। जब हम बिगनर होते हैं, तो बहुत ऊंचा कूदने की कोशिश करते हैं, ताकि रस्सी पैरों के बीच में ना फंसे। लेकिन वास्तव में ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। जब आप बहुत ऊंचा कूदते हैं तो इससे आप बार-बार अटकते हैं।

इतना ही नहीं, इससे पैरों पर अतिरिक्त जोर पड़ता है और आप खुद को जल्दी थका देते हैं। बेसिक जंप के लिए आपको ज़मीन से केवल 1-2 इंच या उससे कम ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान आपके घुटने ऊपर नहीं आने चाहिए।

### सही तरह से वार्मअप ना करना

यूं तो वर्कआउट शुरू करने से पहले हमेशा ही वार्मअप किया जाना चाहिए। लेकिन रस्सी कूदते समय इसका ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कुछ लोग समय बचाने के चक्कर में वार्म अप नहीं करते हैं या फिर बहुत कम करते हैं। सही तरह से वार्मअप के बिना कूदने से चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए, इससे पहले आप जंपिंग जैक या जॉगिंग जैसे हल्के व्यायामों में कुछ मिनट बिताएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जॉन-एरिक ने शूटिंग के दौरान खुद पर चला दी थी गोली



कभी-कभी किस्मत इतनी क्रूर होती है कि शोहरत के दरवाजे खुलने से पहले ही जिंदगी पटाक्षेप कर देती है। हॉलीवुड के एक सितारे के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उसका नाम था जॉन-एरिक हेक्सम। जिसकी कहानी ग्लैमर, उम्मीद और एक असावधानी से हुई मौत को बयां करती है। जॉन-एरिक हेक्सम का जन्म 5 नवम्बर 1957 को अमेरिका के न्यू जर्सी में हुआ था। बचपन से ही उनमें करिश्माई व्यक्तित्व और आत्मविश्वास झलकता था। कॉलेज के दिनों में मॉडलिंग से शुरुआत करते हुए उन्होंने जल्द ही अभिनय की ओर कदम बढ़ाया। उनकी काया, मुस्कान और सहज संवाद अदायगी ने उन्हें टेलीविजन का एक परफेक्ट चेहरा बना दिया। 1982 में आई सीरीज 'वॉएजर्स!' से उन्हें पहली पहचान मिली, और उसके बाद 'कवर अप' ने उन्हें युवा दर्शकों का पसंदीदा बना दिया। परंतु 1984 में उनकी जिंदगी का अध्याय अचानक और भयावह तरीके से बंद हो गया। डॉनेली पॉल की लिखी 'फेड टू ब्लैकः अ बुक ऑफ ऑबिच्युरी' में उस दुखद घटना का जिक्र है। वो अक्टूबर का महीना था, जब कवर अप की शूटिंग लॉस एंजेलिस में चल रही थी। सीन में उन्हें एक पिस्तौल इस्तेमाल करनी थी। वो एक प्रॉप गन थी जिसमें असली गोली नहीं, बल्कि ब्लैंक कारतूस भरे गए थे। शूटिंग के दौरान लंबे इंतजार से ऊबकर हेक्सम मजाक करने लगे।

### टॉलीवुड

## लिवर की बीमारी से जूझ रहे एक्टर अभिनय किंगर का निधन



तमिल फिल्मों के जाने-माने एक्टर अभिनय किंगर का सोमवार सुबह निधन हो गया। 44 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से लिवर की गंभीर बीमारी से परेशान थे। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में दुख की लहर है। फैंस और कई सेलेब्स सोशल मीडिया पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अभिनय किंगर ने 2002 में निर्देशक कस्तूरी राजा की फिल्म 'थुल्लुवथो इलमई' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। इस फिल्म में धनुष ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। युवाओं की जिंदगी और उनके संघर्ष पर बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी और इसी से अभिनय को पहचान मिली थी। इसके बाद उन्होंने जंक्शन, सिंगारा चेन्नई, पोनमलाई, सोला सोला इनिक्कुम, पलैवना सोलई, थुप्पाक्की और अंजान जैसी कई फिल्मों में काम किया। वह तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा में एक्टिव रहे और 15 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा बने। अभिनय सिर्फ एक्टर ही नहीं, बल्कि बेहतरीन डबिंग आर्टिस्ट भी थे। उन्होंने थलपति विजय की फिल्म थुप्पाक्की में विद्युत जामवाल के किरदार को आवाज दी थी। वहीं, सूर्या की फिल्म अंजान में भी उनकी डबिंग को काफी पसंद किया गया था। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई ऐड्स में भी काम किया था और अपनी मेहनत से एक मजबूत पहचान बनाई थी। अभिनय का जन्म एक फिल्मी परिवार में हुआ था। उनकी मां टी.पी. राधामणि मलयालम फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस थीं. उन्होंने नेशनल अवॉर्ड विनिंग मराठी फिल्म 'उत्तरायण'में भी अभिनय किया था।

### भोजपुरी

## शिवानी का गाना 'पिया बहरा ना जाईं जी' हुआ रिलीज



भोजपुरी की बेस्ट अवार्ड जीतने वाली अदाकारा माही श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्मों और गानों में मोहक अदा से करोड़ो दिलों पर राज कर रही हैं। वह जब भी कोई गाना लेकर अपने फैंस एवं आडियंस से रूबरू होती हैं तो सबकी धड़कने तेज हो जाती हैं। उनकी अदायगी और रूप सौंदर्य देखकर लोगों में चार सौ चालीस वोल्ट के करंट का एहसास होता है। ऐसे में अदाकारा माही श्रीवास्तव संगीतप्रेमियों के मनोरंजन के लिए बहुत प्यारा भोजपुरी लोकगीत 'पिया बहरा ना जाईं जी' लेकर आई हैं, जिसमें वह दिलकश अदा से सबका दिल लुभा रही हैं। इस गाने को मधुर आवाज में फेमस सिंगर शिवानी सिंह ने गाया है। उनकी सुरीली स्वर श्रोताओं के कानों मिसिरी से घोल रही है। यह लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव इंडियन लुक बला की खूबसूरत लग रही हैं। वह लोगों पर कातिल अदा से बिजली गिरा रही हैं। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव को जब पता चलता है कि उनका पति बाहर पैसा कमाने के लिए जाने वाला है तो उसे वह अपने से दूर नहीं जाने देना चाहती है। इसलिए वह अपने पति को समझाते हुए कहती हैं कि...'धइला जे बहियां छोड़इहा नजे सइयां, महला ना चाही हमरा नीक बा मड़इया, बट बट सोही रउवा घरवे में रहीं, संगे संगे जिनगी बिताईं जी, घरहीं कमाईंअउरी घरहीं खाईं जी, पिया बहरा ना जाईं जी...'। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'पिया बहरा ना जाईं जी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर शिवानी सिंह ने मधुर आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव ने कयामत ढा दिया है। इस गाने को अनमोल भाट, बीरू राज ने लिखा है, जबकि संगीतकार गौरव विशाल सिंह, रौशन प्रताप ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी रंजन, कोरियोग्राफर रौनक शाह, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## लाइफ स्टाइल

## रमा दुवाजी बनीं फैशन सेंसेशन



न्यूयॉर्क की नई फर्स्ट लेडी रमा दुवाजी ने अपने पति जोहरन ममदानी के मेयरल इलेक्शन नाइट पर ब्लैक वेलवेट आउटफिट में सबका ध्यान खींच लिया। उनके लुक में शामिल फिलिस्तीनी 'तत्रीज़' एम्ब्रॉयडरी सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि पहचान और एकता का संदेश थी। फिलिस्तीनी-जॉर्डनियन डिजाइनर जैद हिजाजी के टॉप और उला जॉनसन की स्कर्ट में रमा ने साइलेंट सॉलिडेरिटी का प्रतीक दिखाया। रमा दुवाजी ने दिखाया कि नई जनरेशन की फर्स्ट लेडीज भी परंपरा और विचार दोनों को साथ लेकर चल सकती हैं।


## आयुर्वेदिक पाउडरों से धोएं अपने बाल



बाजार में कई हेयर केयर प्रोडक्ट आते हैं, जो बालों की कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं लेकिन इनमें मिले केमिकल की वजह से इसका असर कुछ दिन तक रहता है।

यानी कि अगर आप इसका लगातार इस्तेमाल करेंगे तब तो आपके बाल सही रहेंगे, वरना कई तरह की परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक पाउडरों के बारे में जानना चाहिए जिनसे बाल धोने के बाद आपको कई परेशानियों के छुटकारा मिल जाएगा। आपको शिकाकाई, आंवला और रीठा के पाउडरों से बाल धोने का सही तरीका जानना चाहिए। इसके लिए सबसे पहल तीनों पाउडरों को बराबर मात्रा में निकाल कर अलग रख लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालकर ये मिला दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उससे बालों को धो लें। इस घोल से आपके सिर पर झाग बनने लगेगा, जिसके बाद आप सादा पानी से बाल धो सकते हैं। अगर आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों से अपने बाल नियमित रूप से धोएंगे तो इससे आपके सिर की जड़ों पर जमने वाले अतिरिक्त तेल से आपको राहत मिलेगी। बालों में जमने वाली गंदगी को दूर करने में ये आयुर्वेदिक पाउडर काफी मददगार रहते हैं। इनके इस्तेमाल से बालों की मजबूती भी बरकरार रहती है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हैं तो ये आयुर्वेदिक पाउडर आपकी इस समस्या को भी दूर करने में मददगार हैं।

## सिंपल साड़ी के साथ वियर करें हैवी डिजाइन ब्लाउज




साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ अच्छे डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करती हैं।आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह की साड़ी के डिजाइन मिल जाते हैं। लेकिन हर बार हैवी साड़ी पहनने की वजह से कई बार हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप सिंपल साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके लिए हैवी वर्क में ब्लाउज के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।



### थ्रेड वर्क ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में थ्रेड वर्क है तो आप इसके साथ हैवी वर्क वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। सें डिजाइन का भी बना सकती हैं वरना अलग से कपड़ा लेकर भी इसे सिलवा सकती हैं। इससे आपकी साड़ी हैवी नजर आएगी। साथ ही आपका लुक यूनिक लगेगा। इसके साथ आप ब्लाउज की नेकलाइन को डीप रख सकती हैं। इससे भी आप बेहद खूबसूरत लग सकती हैं।

### जरी वर्क ब्लाउज

प्लेन साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ हैवी वर्क ब्लाउज वियर करती हैं। इससे आप काफी सुंदर (स्लीवलेस ब्लाउज) लगती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में जरी वर्क मिलेगा। लेकिन इसमें बाजू आपको प्लेन मिलेगी। इससे आपका लुक और साड़ी दोनों ही अच्छी नजर आएगी। आप चाहे तो जरी बॉर्डर के साथ भी इस तरीके के ब्लाउज को खरीद सकती हैं। मार्केट से आपको इस तरीके के ब्लाउज रेडिमेड मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 500 रुपये में मिल जाएगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स और मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### स्टोन वर्क ब्लाउज

आजकल स्टोन वर्क ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। इसस तरब के ब्लाउज आफको मार्केट में भी मिल जाएंगे। वरना आप चाहे (फुल स्लीव्स ब्लाउज) तो फेब्रिक खरीदकर भी इसे डिजाइन कर सकती हैं। सिंपल साड़ी के साथ आप इसे कॉन्ट्रास्ट करके पहन सकती हैं।


## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है। ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में



अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

## प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता।

**दही और नींबूः** अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

**एलोवेरा जेलः** अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**पपीताः** अगर आपके चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे हैं तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के इस्तेमाल से आप अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं।

**नींबू का रसः** अगर आप आसानी से अपने घर पर चेहरे को साफ करना चाहती हैं तो नींबू के रस में चीनी मिलाकर स्क्रब करने से भी धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है।

## कार्नर न्यूज

### ठंड के कारण हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है

## सर्दियों के दौरान हाथों की देखभाल करने के लिए अपनाएं आसान तरीके

सर्दियों के दौरान त्वचा की देखभाल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर हाथों के लिए। ठंड के कारण हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इसलिए इनकी देखभाल के लिए सही उपाय अपनाना जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने हाथों को सर्दियों में भी स्वस्थ और सुंदर रख सकते हैं।



### गर्म पानी से बचें

गर्म पानी से हाथ धोने से उनकी नमी खत्म हो जाती है और त्वचा सूख जाती है। इसलिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गुनगुना पानी न केवल हाथों की गंदगी को साफ करता है बल्कि उनकी नमी भी बनाए रखता है। इसके अलावा गुनगुने पानी से त्वचा की नमी बनी रहती है और हाथों की त्वचा को नुकसान नहीं होता। इस तरह आप सर्दियों में अपने हाथों को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं।

### दस्ताने पहनें

बाहर जाते समय दस्ताने पहनना बहुत जरूरी है क्योंकि यह आपके हाथों को ठंडी हवा और धूल-मिट्टी से बचाते हैं। इसके अलावा दस्ताने पहनने से आपके हाथों को अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है और वे सूखे नहीं होते। अगर संभव हो तो ऊनी या चमड़े के दस्ताने चुनें क्योंकि ये सबसे अच्छे होते हैं और आपके हाथों को गर्म रखते हैं। दिनभर की गतिविधियों के दौरान भी आपके हाथ सुरक्षित रहते हैं और आपको ठंड का एहसास नहीं होता।

### नियमित हाथ धोना और नमी बनाए रखना

सर्दियों में हाथों की त्वचा जल्दी सूख जाती है, इसलिए नियमित रूप से हाथ धोना और नमी बनाए रखना जरूरी है। साबुन से हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सुखाएं और फिर एक अच्छा क्वालिटी वाला नमी देने वाला लोशन लगाएं। यह न केवल आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगा, बल्कि उसे मुलायम भी बनाए रखेगा। ध्यान रखें कि लोशन हल्का हो ताकि त्वचा को आसानी से हवा लग सके।



### मृत कोशिकाएं हटाएं

मृत कोशिकाएं हटाना एक अहम प्रक्रिया है, जिससे नई त्वचा उभरती है। इसके लिए आप घर पर बने स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे कि चीनी या नमक का स्क्रब। इससे न केवल हाथों की गंदगी साफ होती है, बल्कि रक्त संचार भी बेहतर होता है, जिससे त्वचा चमकदार बनती है। इस प्रक्रिया को करने से पहले हाथों को गुनगुने पानी से धो लें ताकि स्क्रब अच्छी तरह से लग सके और त्वचा की नमी बनी रहे।

### सही खाना खाएं

आपका खाना आपकी त्वचा पर सीधा असर डालता है। विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाने की चीजें जैसे बादाम, अखरोट, एवोकाडो आदि खाएं ताकि आपकी त्वचा स्वस्थ रहे। हरी सब्जियां भी शामिल करें क्योंकि इनमें विटामिन-ए होता है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद है। इस तरह इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने हाथों को सर्दियों में भी स्वस्थ रख सकते हैं।